

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, रविवार , 7 जून 2026

संवत 2083, अधिक ज्येष्ट कृष्ण प्रतिपदा 7 मूल्य-3 रुपये

वर्ष-9, अंक 263 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▶▶ स्ट्रेस दूर करने के लिए पिएं ये ड्रिंक्स

सोनू सूद ने सिद्धेश्वर मंदिर के बाहर छोटे ◀◀ 6


# झारखंड में मौसम का यू-टर्न, 20 जिलों में बारिश और वज्रपात की चेतावनी



संवाददाता

**रांची :** झारखंड में अगले दो दिनों तक मौसम का मिजाज बदला-बदला रहने वाला है। राज्य के ऊपर से गुजर रहे साइक्लोनिक सकुर्लेशन के असर से रविवार और सोमवार को कई जिलों में बादल छाए रह सकते हैं। मौसम विभाग ने रांची समेत 20 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान तेज हवा चलने, मेघ गर्जन होने और वज्रपात की आशंका जताई गई है। कुछ इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश भी हो सकती है।

**पलामू, गढ़वा समेत चार जिले अलर्ट से बाहर :** मौसम विभाग के अनुसार पलामू, गढ़वा, लातेहार और चतरा को छोड़कर राज्य के बाकी 20 जिलों में मौसम का असर देखने को मिलेगा। आसमान में बादल छाए रहेंगे और कई जगहों पर तेज हवाओं के साथ बारिश हो सकती है। लोगों को खराब मौसम के दौरान खुले मैदानों और पेड़ों के नीचे जाने से बचने की सलाह दी गई है।

**मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट :** संभावित वज्रपात और तेज हवा को देखते हुए मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग का कहना है कि 8 जून को भी लगभग ऐसी ही स्थिति बनी रह सकती है। मौसम में आए इस बदलाव से लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिलने की उम्मीद है। पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाईबासा में सबसे अधिक 50.5 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। वहीं बोकारो में 30 मिमी वर्षा हुई। बारिश के कारण कई इलाकों में तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई।

**डालटनगंज सबसे गर्म, नामकुम रहा सबसे ठंडा :** तापमान की बात करें तो शनिवार को राज्य में सबसे अधिक अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस डाल्टनगंज में दर्ज किया गया। वहीं सबसे कम न्यूनतम तापमान 22 डिग्री नामकुम (रांची) में दर्ज किया गया है। मौसम में बदलाव के कारण अगले कुछ दिनों में तापमान में गिरावट देखी जा सकती है। मौसम विभाग के अनुसार 8 से 10 जून तक राज्य में मौसम का मिजाज बदला रहेगा और आकाश में आंशिक रूप से बादल छाये रहेंगे। 8 जून को झारखंड के दक्षिणी, मध्य और उत्तर-पूर्वी देशों में कई जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। वहीं 9 जून को दक्षिणी और आसपास के मध्य क्षेत्रों में बारिश की समस्या हो सकती है। 10 जून को भी मौसम सक्रिय रहने के आसार हैं। उत्तर-पश्चिमी विचारधारा को ठीक करने के लिए राज्य के अधिकांश पूर्वी इलाकों में जगह-जगह से मध्यम बारिश दर्ज की जा सकती है। मौसम विभाग का कहना है कि इस दौरान कुछ जगहों पर गार्ड-चमक और तेज हवा चलने की भी संभावना बनी हुई है।

**पूर्वोत्तर तक पहुंचा मानसून :** इधर, दक्षिण-पश्चिम मानसून भी लगातार आगे बढ़ रहा है। केरल से शुरू हुआ मानसून अब देश के कई हिस्सों में पहुंच चुका है। शनिवार को मानसून ने पूर्वोत्तर राज्यों में भी दस्तक दे दी। मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि झारखंड में भी मानसून की गतिविधियां धीरे-धीरे तेज हो सकती हैं।

# वाराणसी-रांची इकोनॉमिक कॉरिडोर की बाइपास सड़क बना रही कंपनी से राहुल सिंह गिरोह ने मांगी रंगदारी

संवाददाता

**लोहरदगाः** कुख्यात राहुल सिंह गैंग की नजर जिले से गुजरने वाली नेशनल हाइवे 39 कुडू से उदयपुरा बाइपास के सड़क निर्माण प्रोजेक्ट पर है. गैंग ने इस प्रोजेक्ट के काम में दखल देने की कोशिश की है. शिकायत मिलने के बाद, पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है और जांच तेज कर दी है.

**कुल 810 करोड़ रुपए की है प्रस्तावित योजना :** यह एक बहुप्रतीक्षित योजना है जो राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और सड़क परिवहन मंत्रालय द्वारा मंजूर की गई है. वाराणसी-रांची इकोनॉमिक कॉरिडोर का हिस्सा होने के नाते कुडू-उदयपुरा फोरलेन सड़क परियोजना के पैकेज-1 के तहत इसका निर्माण हो रहा है. इस पूरी परियोजना की स्वीकृत लागत करीब 810 करोड़ रुपये हैं, जिसमें कुडू बाइपास भी शामिल है. इस योजना का काम तेजी से चल रहा है. इसी क्रम में कुख्यात राहुल सिंह के नाम पर रंगदारी की मांग की गई है, जिसके बाद योजना स्थल पर वीरानगी छा गई है.

**व्हाट्सएप मैसेज द्वारा मिली धमकी :** योजनाकर्मी को गैंगस्टर राहुल सिंह के नाम पर एक व्हाट्सएप मैसेज मिला. मैसेज करने वाले ने खुद को राहुल सिंह बताते हुए रंगदारी की मांग की है. मैसेज में लिखा हुआ था कि पहले बात करके मैनेज करो, उसके बाद ही काम करना. यदि ऐसा नहीं करोगे तो अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहो. इसके बाद मामले की शिकायत कुडू थाना पुलिस को की गई. कुडू थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है. खुद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा, पुलिस निरीक्षक चंद्रशेखर आजाद, थाना प्रभारी अजीत कुमार ने मौके पर पहुंचकर पूरे मामले की जांच की है। इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है. हालांकि मैसेज में कितनी लेवी मांगी गई है, इसका कोई भी जिक्र नहीं है. पुलिस पूरे मामले की जांच और आगे की कार्रवाई में जुट गई है।





## 1000 रुपये पहुंचा गैस सिलेंडर

**रांची :** महंगाई की मार झेल रहे लोगों को अब रसोई गैस के मोर्चे पर भी बड़ा झटका लगा है। राजधानी रांची में घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत करीब 1000 रुपये तक पहुंच गई है। गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने से घर का बजट पूरी तरह गड़बड़ा गया है। खासकर मध्यम वर्ग और रोज कमाने-खाने वाले परिवारों की परेशानी बढ़ गई है। ताजा दरों के अनुसार रांची में 14.2 किलो वाले घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत 999.50 रुपये हो गई है। गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने का सीधा असर घर के मासिक खर्च पर पड़ रहा है। गृहिणियों का कहना है कि पहले से ही सब्जी, दाल, तेल और अन्य जरूरी सामान महंगे हैं, ऐसे में गैस सिलेंडर का 1000 रुपये तक पहुंच जाना परिवार के बजट पर अतिरिक्त बोझ डाल रहा है। कई परिवार अब खर्चों में कटौती करने को मजबूर हैं।

**झारखंड में पहले भी गैस संकट से जूझ चुके हैं लोग :** इस साल झारखंड के कई हिस्सों में गैस की आपूर्ति प्रभावित होने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा था। कई इलाकों में गैस सिलेंडर की किल्लत के कारण लोगों को लंबा इंतजार करना पड़ा, जबकि छोटे सिलेंडरों की रीफिलिंग भी महंगी हो गई थी। गैस संकट का असर घरों के साथ-साथ छोटे होटल, ढाबों और फूड स्टॉल संचालकों पर भी पड़ा था।

**बढ़ती कीमतों ने बढ़ाई चिंता :** लोगों का कहना है कि गैस सिलेंडर अब धीरे-धीरे आम आदमी की पहुंच से दूर होता जा रहा है। एक समय जिस सिलेंडर की कीमत 500-600 रुपये के आसपास थी, वह अब 1000 रुपये के करीब पहुंच चुका है। ऐसे में हर महीने गैस भरवाना कई परिवारों के लिए चुनौती बनता जा रहा है।

**उज्ज्वला लाभार्थियों पर भी असर :** सरकार की उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन पाने वाले गरीब परिवारों पर भी बढ़ी कीमतों का असर दिख रहा है। कई परिवारों का कहना है कि सिलेंडर महंगा होने की वजह से उन्हें गैस का इस्तेमाल सीमित करना पड़ रहा है। कुछ ग्रामीण इलाकों में लोग फिर से लकड़ी और दूसरे पारंपरिक ईंधनों का सहारा लेने लगे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल और ऊर्जा उत्पादों की कीमतों का असर एलपीजी दरों पर भी पड़ता है। ऐसे में आने वाले समय में कीमतों में उतार-चढ़ाव की संभावना बनी रहेगी। फिलहाल रांची में घरेलू गैस सिलेंडर का दाम 1000 रुपये के करीब पहुंचने से आम लोगों की चिंता बढ़ गई है।

# जेम्को बाजार में युवक पर जानलेवा हमला, धारदार हथियार और लाठी-डंडों से पीटा, हालत गंभीर

संवाददाता

**जमशेदपुर :** टेल्को थाना क्षेत्र के जेम्को बाजार में शनिवार रात उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब एक युवक पर 20 से 25 लोगों ने मिलकर जानलेवा हमला कर दिया। हमलावरों ने युवक को धारदार हथियारों और लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटा। गंभीर रूप से घायल युवक को स्थानीय लोगों की मदद से एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। जानकारी के मुताबिक मछुआ बस्ती निवासी कृष्णा मछुआ शनिवार रात जेम्को बाजार में नाश्ता करने गया था। इसी दौरान अचानक 20 से 25 लोग वहां पहुंच गए और उस पर हमला बोल दिया। देखते ही देखते बाजार में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हमलावर धारदार हथियार और लाठी-डंडे लेकर आए थे और उन्होंने कृष्णा को घेरकर पीटना शुरू कर दिया।



**लोगों ने बचाई जान, भीड़ देखकर भागे आरोपी :** हमले के दौरान आसपास मौजूद लोगों ने हिम्मत दिखाते हुए बीच-बचाव किया। स्थानीय लोगों के हस्तक्षेप के बाद किसी तरह कृष्णा को हमलावरों के चंगुल से छुड़ाया गया। इधर, भीड़ जुटती देख सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। इसके बाद घायल युवक को तत्काल एमजीएम अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। घायल युवक के परिजनों का आरोप है कि इस हमले के पीछे पुरानी दुश्मनी है। उनका कहना है कि कृष्णा का कुछ पड़ोसियों के साथ लंबे समय से विवाद चल रहा था। इसी रंजिश के कारण पड़ोस के एक युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया।

**चार महीने पहले जेल से आया था बाहर :** परिजनों के अनुसार कृष्णा एक हत्या के मामले में जेल में बंद था और करीब चार महीने पहले ही जमानत पर बाहर आया था। जेल से निकलने के बाद वह गांव में रह रहा था। कोर्ट में पेशी की तारीख होने के कारण वह शुक्रवार को जमशेदपुर आया था। इसी दौरान शनिवार रात उस पर हमला हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद टेल्को थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस हमलावरों की पहचान करने और उनकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि जांच के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# आरबीआई के फैसले से राहत जून में नहीं बढ़ेगी ईएमआई

**नई दिल्ली :** अपना घर खरीदना आज भी अधिकांश लोगों का सबसे बड़ा सपना होता है, लेकिन बढ़ती प्रॉपर्टी कीमतों के बीच होम लोन के बिना यह सपना पूरा करना आसान नहीं है। ऐसे में घर खरीदने की योजना बना रहे लोगों की नजर सबसे पहले होम लोन की ब्याज दरों पर रहती है। जून 2026 में होम लोन लेने वालों के लिए अच्छी खबर यह है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अपनी ताजा मौद्रिक नीति समीक्षा में रेपो रेट को 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। इससे फिलहाल होम लोन की ईएमआई पर अतिरिक्त बोझ बढ़ने की आशंका नहीं है। रेपो रेट वह ब्याज दर होती है जिस पर आरबीआई वाणिज्यिक बैंकों को धन उपलब्ध कराता है। जब रेपो रेट बढ़ती है तो बैंकों के लिए फंड जुटाने की लागत बढ़ जाती है, जिसका असर लोन की ब्याज दरों और ईएमआई पर पड़ता है। इस बार आरबीआई ने दरों में कोई बदलाव नहीं किया है और नीतिगत रुख को भी तटस्थ (न्यूट्रल) बनाए रखा है। ऐसे में मौजूदा होम लोन ग्राहकों और नए उधारकताओं दोनों को राहत मिली है, क्योंकि निकट भविष्य में ईएमआई बढ़ने की संभावना कम दिखाई दे रही है। सरकारी बैंकों की बात करें तो कई बैंक प्रतिस्पर्धी ब्याज दरों पर होम लोन की पेशकश कर रहे हैं।

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) की होम लोन दरें 7.25 प्रतिशत से शुरू होकर 9.05 प्रतिशत तक हैं।

बैंक ऑफ बड़ौदा 7.20 प्रतिशत से 9.25 प्रतिशत के बीच होम लोन उपलब्ध करा रहा है।

वहीं, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया और बैंक ऑफ इंडिया दोनों में शुरूआती ब्याज दर 7.10 प्रतिशत है। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया 7.15 प्रतिशत से होम लोन दे रहा है, जबकि केनरा बैंक में यह दर 7.25 प्रतिशत से शुरू होती है।

इंडियन ओवरसीज बैंक नौकरीपेशा ग्राहकों को 7.10 प्रतिशत की शुरूआती दर पर होम लोन उपलब्ध करा रहा है।

निजी क्षेत्र के बैंकों में भी होम लोन को लेकर प्रतिस्पर्धा बनी हुई है।

आईसीआईसीआई बैंक में होम लोन की शुरूआती ब्याज दर 7.50 प्रतिशत है।

कोटक महिंद्रा बैंक 7.60 प्रतिशत से होम लोन ऑफर कर रहा है।

जबकि एचडीएफसी बैंक की शुरूआती दर 7.75 प्रतिशत है।

एक्सिस बैंक में ब्याज दरें 8 प्रतिशत से शुरू होकर ग्राहक की प्रोफाइल और पात्रता के आधार पर 11.90 प्रतिशत तक जा सकती हैं।

विशेषज्ञों का कहना है कि होम लोन चुनते समय केवल ब्याज दर को ही आधार नहीं बनाना चाहिए। प्रोसेसिंग फीस, प्री-पेमेंट और फोरक्लोजर चार्ज, लोन अवधि, क्रेडिट स्कोर और अन्य शर्तें भी कुल लागत को प्रभावित करती हैं। कई बार थोड़ी अधिक ब्याज दर वाला लोन बेहतर सुविधाओं और कम अतिरिक्त शुल्क के कारण ज्यादा फायदेमंद साबित हो सकता है।

यदि आप निकट भविष्य में घर खरीदने की योजना बना रहे हैं, तो विभिन्न बैंकों की ब्याज दरों और शर्तों की तुलना जरूर करें। साथ ही अपना क्रेडिट स्कोर मजबूत रखें, क्योंकि बेहतर सिबिल स्कोर वाले ग्राहकों को अक्सर कम ब्याज दर पर लोन मिलने की संभावना अधिक रहती है। आरबीआई द्वारा रेपो रेट को स्थिर रखने के बाद फिलहाल होम लोन बाजार में स्थिरता बनी हुई है, जिससे घर खरीदने की योजना बना रहे लोगों को राहत मिली है।

डिस्क्लेमरः होम लोन की ब्याज दरें समय-समय पर बदल सकती हैं और यह ग्राहक की प्रोफाइल, आय, क्रेडिट स्कोर तथा बैंक की नीतियों पर निर्भर करती हैं। किसी भी वित्तीय निर्णय से पहले संबंधित बैंक की आधिकारिक जानकारी अवश्य जांच लें।

# एनएच-33 पर तेज रफ्तार का कहर दो ऑटो की टक्कर में 6 घायल

**सरायकेला-खरसावां :** जिले के चांडिल थाना क्षेत्र में रविवार सुबह एक सड़क हादसे ने लोगों को झकझोर कर रख दिया। टाटा-रांची मार्ग स्थित एनएच-33 पर कारनीडीह और भादुडीह के बीच दो सवारी ऑटो (टेम्पो) की आमने-सामने नहीं, बल्कि ओवरटेकिंग के दौरान जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि एक ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। दुर्घटना में दोनों वाहनों में सवार छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सुबह करीब साढ़े सात बजे अचानक जोरदार टक्कर की आवाज सुनाई दी। आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के लोग तुरंत घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। मौके पर पहुंचते ही लोगों ने देखा कि एक ऑटो पलटा हुआ है और उसमें सवार लोग दर्द से कराह रहे हैं। हादसे के बाद कुछ देर के लिए वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया।



**घायलों की चीख-पुकार से दहल उठा इलाका :** टक्कर के बाद घायलों की चीख-पुकार सुनकर स्थानीय लोग मदद के लिए आगे आए। कई लोग वाहन में फंसे हुए थे, जिन्हें बाहर निकालने के लिए ग्रामीणों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। दुर्घटना के कारण कुछ समय तक एनएच-33 पर यातायात भी प्रभावित रहा और वाहनों की लंबी कतार लग गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय युवक शेखर गांगुली और आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उन्होंने बिना समय गंवाए दुर्घटनाग्रस्त ऑटो में फंसे लोगों को बाहर निकाला। इसके बाद एम्बुलेंस को सूचना दी गई और सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। बाद में बेहतर इलाज के लिए उन्हें एमजीएम अस्पताल, जमशेदपुर रेफर कर दिया गया।

**ओवरटेक करने के दौरान हुआ हादसा :** प्रारंभिक जानकारी के अनुसार दोनों सवारी ऑटो चांडिल से टाटा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान एक ऑटो चालक ने दूसरे वाहन को ओवरटेक करने की कोशिश की। ओवरटेकिंग के दौरान संतुलन बिगड़ गया और दोनों ऑटो आपस में टकरा गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एक ऑटो सड़क पर पलट गया और उसमें सवार यात्री घायल हो गए।

**पुलिस कर रही मामले की जांच :** घटना की सूचना मिलने के बाद चांडिल थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस हादसे के कारणों की पड़ताल कर रही है। साथ ही घायलों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। एनएच-33 पर लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं के बीच यह हादसा एक बार फिर सावधानी से वाहन चलाने की सीख दे गया। खासकर हाईवे पर ओवरटेकिंग के दौरान थोड़ी सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है।

## आईएईए की बैठक में ईरान का विरोध

**नई दिल्ली :** अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की बैठक में ईरान ने अपने परमाणु केंद्रों पर हुए हमलों का मुद्दा उठाया। ईरानी प्रतिनिधिमंडल ने अमेरिका और इजरायल की ओर से आईएईए की सुरक्षा निगरानी के तहत आने वाले परमाणु ठिकानों पर किए गए कथित हमलों की कड़ी निंदा की। इस्लामिक रिपब्लिक न्यूज एजेंसी (आईआरएनए) के अनुसार, आईएईए बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की विशेष बैठक में ईरान के प्रतिनिधियों ने कहा कि अमेरिका और इजरायल ने ईरान के उन परमाणु ठिकानों को निशाना बनाया है, जो आईएईए की निगरानी में हैं। उन्होंने ऐसे हमलों और धमकियों के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाने की मांग की। ईरान ने चेतावनी दी कि शांतिपूर्ण परमाणु सुविधाओं पर हमलों को सामान्य मान लेना परमाणु अप्रसार व्यवस्था और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। ईरानी प्रतिनिधिमंडल ने दावा किया कि आईएईए की स्थापना के बाद से यह परमाणु ठिकानों पर हुआ सबसे बड़ा और अभूतपूर्व हमला है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से इस मामले में सख्त और स्पष्ट प्रतिक्रिया देने की अपील की।



## पूर्व सनराइज स्कूल भवन से डेस्क बैंच की चोरी

**मुरी :** गोला मुरी रोड मुरी टुंगडी पार्क के समीप सृष्टि धर महतो के पूर्व में चल रहे सनराइज पब्लिक स्कूल के दो बंद कमरे से करीब पच्चीस पच्चीस डेस्क बैंच अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। जिसको ले कर थाने में लिखित आवेदन सृष्टि धर महतो ने दिया। पुलिस आवेदन के आधार पर चोरी हुए जगह पर जाकर मुआयना किया। पुलिस मुआयना के अनुसार चोरी एकाध सप्ताह पहले हुआ होगा क्योंकि चोरी के स्थान पर कोई ताजा निशानी नही मिला। वही सृष्टि धर महतो का कहना है कि स्कूल बंद था कमरे में स्कूल के डेस्क बैंच रखा हुआ था ताला भी लगा हुआ था। कभी कभी देखने जाते थे।पिछले पांच जुन के सुबह नौ बजे देखने गए थे तभी हमरा अपना लगाया तला के जगह पुराना और तेल लगा ताला देखा, इसी शक पर कमरा खोल कर देखा तो डेस्क बैंच गायब पाया।

## मुरी स्टेशन पर एक नंबर प्लेटफार्म में शॉर्ट सर्किट



**मुरी:** मुरी जॉक्शन में एक नंबर प्लेट फार्म में पोल में शॉर्ट सर्किट बीती रात में हुआ था। शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई थी। इलेक्ट्रिकल विभाग के स्टाफ फायर ब्रिगेड से आग को बुझाया वहीं इलेक्ट्रिकल विभाग के एस एस ई नवीन कुमार को फोन लगाने पर फोन को रिसीव नहीं किया। कहीं ना कहीं रेल कर्मचारियों के लापरवाही के कारण शॉर्ट सर्किट हुआ होगा।करीब 1 घंटे तक तार को खुला छोड़ दिया गया, ब्लैक टेप तक नहीं मारा गया।

## चतरा के 40 वें उपायुक्त रवि आनंद के सम्मान से चतरा के साथ साथ राज्य भी हुआ है गौरवान्वित



**बिनय मिश्रा**

**भारतीय** प्रशासनिक सेवा 2018 बैच के आईएएस अधिकारी रवि आनंद के सम्मानित होने तथा उनकी कुशल कार्य दक्षता के फलस्वरूप जिला और राज्य दोनों गौरवान्वित हुआ है। फेम इंडिया-एशिया पोस्ट द्वारा जारी सर्वश्रेष्ठ जिलाधिकारी 2026 सर्वे में वर्तमान में चतरा उपायुक्त रवि आनंद को देश के उत्कृष्ट जिलाधिकारियों की सूची में स्थान दिया गया है। यह पहचान उन्हें पूर्व में जामताड़ा जिले में उपायुक्त के रूप में किए गए प्रशासनिक कार्यों, जनहित आधारित पहल एवं प्रभावी नेतृत्व के आधार पर प्राप्त हुई है। फेम इंडिया-एशिया पोस्ट द्वारा किए गए इस राष्ट्रीय स्तर के सर्वे में प्रशासनिक दक्षता, विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, जनसरोकार, नवाचार, संकट प्रबंधन क्षमता, पारदर्शिता एवं जनसेवा जैसे विभिन्न मानकों के आधार पर अधिकारियों का मूल्यांकन किया गया। डीसी रवि आनंद ने जामताड़ा में अपने कार्यकाल के दौरान जनहित से जुड़े मामलों के त्वरित निष्पादन, विकास योजनाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग, प्रशासनिक समन्वय एवं आमजनों से संवाद स्थापित करने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए थे।

## सड़क हादसे में दो युवकों की मौके पर हुई मौत



**चतरा :** सिमरिया थाना क्षेत्र के के बगरा रांची मुख्य पथ स्थित जबड़ा चेकनाका के पास शनिवार की देर शाम सड़क हादसे में दो युवको की मौके पर मौत हो गयी। मृतकों में दुंदुआ गांव निवासी गणेश भुइयां पिता मुखिया भुइयां व बसंत भुइयां पिता मंगल भुइयां शामिल है।घटना के बाद 108 एंबुलेंस के माध्यम से रेफरल अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। इधर मौत की खबर सुनने के बाद परिजनों में चीख चित्कार से हॉस्पिटल गूंज उठा वहीं गांव में मातम सा छा गया है। जानकारी के अनुसार दोनो युवक जबड़ा बाजार पेट्रोल पंप पर तेल भरवाने गये थे। लौटने के क्रम में बाइक अनियंत्रित हो गई और चेकनाका के बोर्ड से टकरा गई। दुर्घटना में दोनो युवको की मौत हो गयी। बताया जाता है कि दोनों नशे में धुत थे और हेलमेट भी नहीं पहने हुए थे जिसके कारण यह घटना घटी। इधर दोनो युवकों की मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा है, जबकि गांव में मातम का माहौल है। इधर पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## चतरा बस ऑनर एसोसिएशन की बैठक में किराया बढ़ाने पर निर्णय

**चतरा :** चतरा बस ऑनर एसोसिएशन की बैठक शनिवार को चतरा मे सम्पन्न हुई।बैठक मे जिले के सभी मार्गो में संचालित बसों के संचालक शामिल हुए। बैठक में बस परिचालन में आ रही समस्याओं पर चर्चा के बाद बस एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहम्मद बेलाल ने बताया कि झारखण्ड प्रदेश बस ऑनर्स एसोसिएशन राँची के अध्यक्ष के निर्देश पर शनिवार को चतरा में बैठक की गई। बैठक में डीजल की कीमतों में लगातार हो रही वृद्धि रखरखाव, स्पेयर पाट्र्स, बीमा टॉल टैक्स,मोबिल,टायर, युरिया तथा अन्य खर्चो को देखते हुए चतरा जिला के सभी मार्गो पर 15 प्रतिशत से 18 प्रतिशत वृद्धि करने का प्रस्ताव लिया गया। बैठक का संचालन चतरा बस ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहम्मद बेलाल और महासचिव प्रवीण सत्यार्थी ने की।

### बड़ी लूट की वारदात की फिराक में जुटे चार अंतरराज्यीय अपराधी गिरफ्तार

# अपराधियों के पास से पिस्टल व कारतूस बरामद

**संवाददाता**

**चतरा :** चतरा पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए हथियार और कारतूस के साथ चार अंतरराज्यीय अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इस आशय की जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी हंटरगंज क्षेत्र में किसी बड़ी लूट की घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। समय रहते की गई कार्रवाई से एक संभावित बड़ी आपराधिक घटना टल गई। उन्होंने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ अपराधी हंटरगंज थाना क्षेत्र में एकत्र होकर किसी बड़ी आपराधिक घटना की योजना बना रहे हैं। सूचना के सत्यापन के बाद तत्काल एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया।एसपी ने बताया कि चतरा एसडीपीओ सन्नी वर्धन व हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार के नेतृत्व में



पुलिस टीम ने हंटरगंज प्रखंड के डुमरिया गांव स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय परिसर में छापेमारी की। पुलिस को देखते ही संदिग्ध भागने का प्रयास करने लगे, लेकिन जवानों ने तत्परता दिखाते हुए चारों अपराधियों को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान बिहार के कोठी थाना क्षेत्र के बाराकला गांव निवासी गौतम पासवान, बाराचट्टी थाना क्षेत्र के जायगीर गांव निवासी प्रवीण कुमार, फतेहपुर थाना क्षेत्र के पतवास गांव निवासी विकास मांझी तथा हंटरगंज थाना क्षेत्र के पिंडरा गांव निवासी चिंटू पासवान के रूप में हुई है। पुलिस ने गिरफ्तार अपराधियों के पास से दो पिस्टल, एक कट्टा एवं चार कारतूस बरामद किए हैं। पूछताछ के दौरान कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिली हैं, जिसके आधार पर पुलिस अन्य आपराधिक गतिविधियों और इनके नेटवर्क की जांच कर रही है।

एसपी अनिमेष नैथानी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि सभी आरोपी किसी बड़ी लूट की घटना को अंजाम देने की तैयारी में थे। पुलिस इनके आपराधिक इतिहास की भी जांच कर रही है तथा बिहार और झारखंड के विभिन्न थानों से इनके संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। गौतम पासवान के विरुद्ध झारखंड बिहार में नौ से अधिक अपराधिक मामले दर्ज है। उन्होंने कहा कि चतरा पुलिस जिले में अपराध नियंत्रण को लेकर लगातार अभियान चला रही है। अपराधियों और असामाजिक तत्वों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से एक बड़ी वारदात को होने से पहले ही विफल कर दिया गया। इस अभियान में चतरा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) सन्नी वर्धन, हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार सहित पुलिस बल के अन्य अधिकारी एवं जवान शामिल थे।

### अवैध सड़क निर्माण के विरोध में भू-रैयतों ने काटी सड़क गाड़े झंडे

# शिवपुरी साइडिंग के होन्हे की 1.7 निजी भूमि के तर्ज पर देना होगा मुआवजा और रोजगार:सुभाष दास



**संवाददाता**

**चतरा :** टंडवा प्रखंड के सीसीएल की चंद्रगुप्त परियोजना के खिलाफ स्थानीय भू-रैयतों का गुस्सा फूट पड़ा है। परियोजना द्वारा कथित तौर पर अवैध रूप से किए जा रहे सड़क निर्माण के विरोध में रैयतों ने तीन अलग-अलग जगहों पर सड़क को काट दी। यही नहीं रैयतों ने एकजुट होकर अपनी रैयती जमीन पर लाल झंडे गाड़कर विरोध प्रदर्शन किया और काम को पूरी तरह ठप करा दिया।

**बैठक होने तक काम रहेगा ठप:**सुभाष दास ग्रामीणों और भू-रैयतों का साफ कहना है कि चंद्रगुप्त परियोजना तानाशाही रवैया अपनाकर उनकी जमीनों पर जबरन निर्माण कार्य करा रहा है। रैयतों ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी है कि जब तक भू-रैयतों के साथ परियोजना अधिकारियों की सामूहिक बैठक नहीं होगी और उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाएगा, तब तक सड़क निर्माण कार्य पूरी तरह ठप रहेगा।अपनी जमीन को बचाने के लिए सड़क पर उतरे ग्रामीणों में सुभाष कुमार दास,विनोद गुप्ता,रवि गुप्ता,अनिल गुप्ता,गुलजार रिजवान,शशि दास,शंकर दास,अर्जुन दास,कारू यादव,मंजीत गुप्ता, उमेश साव समेत भारी संख्या में स्थानीय रैयत शामिल थे। फिलहाल परियोजना का काम बंद है और ग्रामीण अपनी जमीन पर डटे हुए हैं। चंद्रगुप्त परियोजना की ओर से अब तक इस मामले पर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

### हंटरगंज में रफ्तार का कहर

## नो-एंट्री खुलते ही अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार युवक को कुचला ,मौके पर ही दर्दनाक मौत



**संवाददाता**

**चतरा :** जिले के चतरा-डोभी मुख्य मार्ग पर हंटरगंज थाना क्षेत्र के भोंदल नगिनदहा पुल के समीप शुक्रवार की बीती रात एक भीषण सड़क हादसे में डुमरी पेट्रोल पंप से घर लौट रहे बाइक सवार 29 वर्षीय युवक रौशन गुप्ता उर्फ मुन्ना की एक तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक से कुचलने से मौत हो गयी। घटना को अंजाम देकर ट्रक चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। मृतक हंटरगंज बाजार का रहने वाला बताया जाता था और पेशे से बर्तन व्यवसाई था। मृतक के भतीजे धर्मेंद्र गुप्ता ने बताया कि नो-एंट्री हटते ही भारी वाहनों की रफ्तार बेलगाम हो जाती है, जिसने उनके चाचा की जान ले ली। मुन्ना अविवाहित था और उसी की कमाई पर बुजुर्ग दादा-दादी आश्रित थे। इस हादसे से पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने बताया कि छत्तीसगढ़ नंबर के हत्यारे ट्रक की पहचान कर ली गई है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# पत्नी और ससुर पर 23 लाख रुपये से ज्यादा की ठगी करने का आरोप

**संवाददाता**

**रांची :** राजधानी रांची के रातू थाना में एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसने सबको चौंका दिया है। भारतीय वायुसेना के एक अधिकारी ने अपनी पत्नी और ससुर पर 23 लाख रुपये से ज्यादा की ठगी करने का आरोप लगाया है। अधिकारी का कहना है कि भरोसे का फायदा उठाकर उनसे लाखों रुपये लिए गए, लेकिन बाद में न तो पैसा लौटाया गया और न ही कोई संतोषजनक जवाब मिला। मामले को लेकर रातू थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है और पुलिस जांच में जुट गई है।

**शादी के बाद शुरू हुआ पैसों का लेन-देन :** पीड़ित एयरफोर्स अधिकारी के अनुसार शादी के बाद पारिवारिक जरूरतों और विभिन्न कारणों का हवाला देकर उनसे कई बार पैसे मांगे गए। पत्नी और ससुर की बातों पर भरोसा कर उन्होंने अलग-अलग समय पर लाखों रुपये दिए। अधिकारी का आरोप है कि धीरे-धीरे यह रकम 23 लाख रुपये से अधिक हो गई। अधिकारी का कहना है कि जब उन्होंने अपनी रकम वापस मांगनी शुरू की तो टालमटोल की जाने लगी। शुरूआत में उन्हें भरोसा दिलाया गया कि जल्द पैसे लौटा दिए जाएंगे, लेकिन समय बीतने के बावजूद रकम वापस नहीं की गई। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ता चला गया।

**ठगी का एहसास होने पर पहुंचा पुलिस के पास :** पीड़ित ने आरोप लगाया कि काफी समय तक इंतजार करने और बातचीत के जरिए मामला सुलझाने की कोशिश के बाद भी कोई समाधान नहीं निकला। जब उन्हें लगा कि उनके साथ धोखाधड़ी हुई है, तब उन्होंने पुलिस की शरण ली और रातू थाना में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलने के बाद रातू थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब बैंक लेन-देन, दस्तावेजों और शिकायत में लगाए गए आरोपों की जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि जांच के दौरान सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**दोनों पक्षों के दावों की होगी जांच :** पुलिस का कहना है कि मामला पारिवारिक रिश्तों और आर्थिक लेन-देन से जुड़ा है, इसलिए हर पहलू की बारीकी से जांच की जा रही है। जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि आरोपों में कितनी सच्चाई है और किसकी क्या भूमिका रही है। फिलहाल पुलिस मामले से जुड़े साक्ष्य जुटाने में लगी है। बैंकिंग रिकॉर्ड, लेन-देन से जुड़े दस्तावेज और दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए जाएंगे। जांच पूरी होने के बाद कानूनी प्रक्रिया के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मारवाड़ी युवा मंच ने 200 पौधों का किया वितरण

**रांची :** विश्व पर्यावरण दिवस पर मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा द्वारा सहजानंद चौक हरमू रोड के समीप पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मंच के अध्यक्ष विकास अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान लगभग 200 फलदार एवं छायादार पौधों का वितरण किया गया, जिनमें आम, जामुन, लीची, पीपल एवं नीम के पौधे प्रमुख रूप से शामिल थे। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को वृक्षारोपण के प्रति प्रेरित करना तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनकी जिम्मेदारी का बोध कराना था।

मंच के सचिव मुकेश शर्मा ने उपस्थित नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनकी नियमित देखभाल करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन एवं पर्यावरणीय चुनौतियों के बीच वृक्षारोपण ही एक प्रभावी समाधान है, जिसमें समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता आवश्यक है।

मंच के प्रवक्ता अमित शर्मा ने कहा कि इस अवसर पर शाखा के सदस्यों और उपस्थित लोगो ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए लोगों को हरित एवं स्वच्छ वातावरण के निर्माण में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया तथा पौधे प्राप्त कर पर्यावरण संरक्षण के इस अभियान से जुड़ने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में अध्यक्ष विकास अग्रवाल,सचिव मुकेश शर्मा कोषाध्यक्ष अनीश सरावगी,सुमित अग्रवाल,प्रियांशु मोदी,यश अग्रवाल,साहिल पोद्दार,कौशल अग्रवाल,उत्सव जालान,तरेश अग्रवाल,शुभम मोदी,देवांश पोद्दार आदि मौजूद थे।

# स्वयं को अनुशासित करें, पर्यावरण संरक्षण में आएगा बड़ा बदलाव : राजीव सिंह

**संवाददाता**

**रांची :** विश्व पर्यावरण दिवस पर लायन्स क्लब ऑफ रांची ईस्ट द्वारा कोकर स्थित निरामया परिसर में पर्यावरण संरक्षण विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में कोल इंडिया के कार्यकारी निदेशक एवं लायन परिवार के सदस्य राजीवा सिंह ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।

**भूगर्भशास्त्री एवं लायन्स क्लब के पूर्व जिलापाल राजीव लोचन ने कहा कि लायन्स परिवार को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने का सशक्त माध्यम बनना चाहिए। उन्होंने सामाजिक आयोजनों में बढ़ते ध्वनि प्रदूषण पर चिंता जताते हुए इसके नियंत्रण की आवश्यकता पर बल दिया।**

राजीवा सिंह ने कहा कि मनुष्य के जीवन में शामिल छोटी-छोटी आदतें भी पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। प्रत्येक व्यक्ति को यह सोचने की आवश्यकता है कि वह आने वाली पीढ़ी को कैसी पृथ्वी सौंपकर जाएगा। उन्होंने कहा कि एकल उपयोग वाली प्लास्टिक का इस्तेमाल हर हाल में बंद होना चाहिए और इसकी शुरूआत परिवार से होकर समाज तक पहुंचनी चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित सदस्यों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई।

भूगर्भशास्त्री एवं लायन्स क्लब के पूर्व जिलापाल राजीव लोचन ने कहा कि लायन्स परिवार को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने का सशक्त माध्यम बनना चाहिए। उन्होंने सामाजिक आयोजनों में बढ़ते ध्वनि प्रदूषण पर चिंता जताते हुए इसके नियंत्रण की आवश्यकता पर बल दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष भारतेन्दु झा ने की तथा अतिथियों का स्वागत किया। क्लब के सचिव अमित कुमार एवं कोषाध्यक्ष अंजना गट्टानी ने क्रमशः वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ सदस्यों के बीच कपड़े के थैले भी वितरित किए गए।

कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष सुंदरलाल रामसिसरिया, रतन अग्रवाल, कुमुद झा, अरुण केजरीवाल, दिवाकर राजगढ़िया, सुनील माथुर, दिनेशलाल ठाकुर, अनीता झा, जुथिका सानयाल, कल्पना झा, रीना वर्मा, अजित गुप्ता, रामकृष्ण, रणधीर झा, धर्मेंद्र सिंह मुंडा, नीरज साहा, रोहित जायसवाल, बिनोद सिंह, नीलेश कुमार सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे।

## जुआ खेलते 10 धराए

**रांची :** डोरंडा थाना क्षेत्र के कुसई चौक स्थित एक मकान में चल रहे अवैध जुआ अड्डे पर पुलिस ने छापेमारी कर 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 53 हजार रुपए नकद, ताश के पत्ते, मोबाइल फोन और एक रॉयल एनफील्ड बुलेट मोटरसाइकिल बरामद की गई है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से उत्तम महतो, बिट्ठू तिर्की, अजय तिर्की, विजय तिर्की, राहुल कच्छप, जेवियर लकड़ा, शुभम कुमार, परवीन कुमार साहू, अवधेश पांडेय तथा संजीत कुमार राम को जुआ खेलते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया।

तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से कुल 53 हजार रुपए नकद, ताश की गड्डियां, छह मोबाइल फोन तथा एक रॉयल एनफील्ड बुलेट मोटरसाइकिल बरामद की गई। पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

छापेमारी दल में थाना प्रभारी दीपिका प्रसाद के अलावा पुलिस अवर निरीक्षक रितेश कुमार पांडेय, सुऔब अहमद खान, सुखदेव रजक, अमीन मरांडी, दारेश्वर उरांव, सुमाई मरांडी समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि जिले में अवैध जुआ, सट्टा और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा तथा ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# होम गार्ड जवान से स्कूटी लूटकांड का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

**रांची :** चुटिया थाना क्षेत्र के पंचवटी चौक के पास गृहरक्षक से स्कूटी लूटने के मामले में रांची पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और लूटी गई स्कूटी, घटना में प्रयुक्त चाकू और दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। 25 मई 2026 की रात करीब 2:30 बजे दो अज्ञात अपराधियों ने स्कूटी सवार गृहरक्षक गणेश राम पर चाकू से हमला कर उनकी स्कूटी लूट ली थी। घटना के समय गणेश राम सादे कपड़ों में थे, जबकि उनकी वर्दी स्कूटी की डिक्की में रखी हुई थी।

वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधियों ने उन्हें पंचवटी चौक स्थित काली मंदिर के सामने सड़क पर छोड़ दिया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक (नगर) के नेतृत्व में विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया।

टीम ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी अनुसंधान और गुप्त सूचना के आधार पर दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ के दौरान दोनों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुखेदव गंझू और अभिषेक मुण्डा के रूप में हुई है। दोनों सोनाहातु थाना क्षेत्र के चौकाहातु गांव के रहने वाले हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने लूटी गई स्कूटी में बदलाव कर उस पर फर्जी नंबर प्लेट लगा दी थी और उसका इस्तेमाल कर रहे थे। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने लूटी गई स्कूटी, घटना में प्रयुक्त चाकू और दो मोबाइल फोन बरामद कर लिए हैं।

# हार्ट अटैक की आपात स्थिति से निपटने के लिए ट्रैफिक जवानों को दिया गया प्रशिक्षण

**रांची :** यातायात पुलिस कर्मियों एवं होमगार्ड जवानों को आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से विस्थापित भवन में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सुबह 7 बजे किया गया, जिसमें सभी ट्रैफिक जवानों एवं होमगार्ड कर्मियों ने भाग लिया।

प्रशिक्षण के दौरान किसी व्यक्ति को हार्ट अटैक आने की स्थिति में तत्काल किए जाने वाले आवश्यक कदमों की विस्तृत जानकारी दी गई। विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. राजेश कुमार ने पुलिस उपाधीक्षक (यातायात), परिचारी प्रवर यातायात, गृह रक्षकों तथा उपस्थित जवानों को सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन), बीएलएस (बेसिक लाइफ सपोर्ट) एवं अन्य जीवनरक्षक उपायों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया।

डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि हार्ट अटैक अथवा हृदय गति रुकने जैसी आपात स्थितियों में शुरूआती कुछ मिनट अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। सही समय पर सीपीआर और प्राथमिक उपचार मिलने से मरीज की जान बचाई जा सकती है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में जवानों को आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया देने, एम्बुलेंस सेवाओं से संपर्क स्थापित करने तथा प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध कराने के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया गया।

# श्री श्याम भंडारा में उमड़ी भक्तों की भीड़

**रांची :** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 203 वा श्री श्याम भंडारा का भव्य आयोजन किया गया। आज का भंडारा अनिल टिबरेवाल किरण टिबरेवाल के परिवार द्वारा निवेदित किया गया था। मंडल के निवर्तमान अध्यक्ष सुरेश सरावगी निर्वतमान महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया अध्यक्ष गोपाल मुरारका महामंत्री गौरव अग्रवाल वरिष्ठ कार्यकारणी सदस्य श्यामसुंदर शर्मा वरिष्ठ सदस्य एवं राज्यसभा के पूर्व सांसद अजय मारू एवं टिबडेवाल परिवार ने इष्ट मित्रों के साथ संयुक्त रूप से बाबा श्री श्याम का भोग भजन गाया। सर्वप्रथम भंडारे का भोग लगाकर महाप्रसाद में मिलवाया गया। इसके बाद मंदिर के आचार्यों को यजमान परिवार के सदस्यों ने भोजन प्रसादी ग्रहण करवाया। भंडारे का भोग हर शनिवार को गौशाला में गौ माता के लिए भेजा जाता है। मंदिर के वरिष्ठ सदस्य एवं सहयोगी गौशाला में भंडारे का भोग लेकर जाते हैं। श्री श्याम मंदिर परिसर भक्तों से भर गया एवं हरमू रोड में भक्तजनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई। भंडारे में वेजीटेबल पुलाव मिक्स सब्जी केसरिया जलेबी टॉफी एवं खीर चूरमा का भोग लगाया गया।

श्री श्याम भंडारे में मंडल के निवर्तमान अध्यक्ष सुरेश सरावगी निर्वतमान महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया अध्यक्ष गोपाल मुरारका महामंत्री गौरव अग्रवाल उपाध्यक्ष श्रवण ढांढनिया अशोक लड़ियां वरिष्ठ कार्यकारणी सदस्य श्यामसुंदर शर्मा वरिष्ठ सदस्य एवं राज्यसभा के पूर्व सांसद अजय मारू अनुज मोदी अमित सरावगी पवन केडिया अनिल किरण राहुल प्रियंका अनिकेत तेजस्वनी त्रिथा टिबरेवाल कमलेश सावा वेद भूषण जैन संकेत चौधरी रिषभ चौरसिया हर्ष मिश्रा हिमांशु केशरी मनोज खेतावत उपेन्द्र पांडे सहित 50 से ज्यादा कार्यकताओं ने सहयोग दिया। यह जानकारी मंडल के महामंत्री गौरव अग्रवाल ने दी।

# पर्यावरण माह पर एफटीएस युवा रांची की अनूठी पहल, 150 से अधिक पौधे लगाए

**रांची :** पर्यावरण माह के अवसर पर एफटीएस युवा रांची ने प्रकृति संरक्षण एवं पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पांच दिवसीय पर्यावरणीय चुनौती अभियान की शुरूआत की है। अभियान के पहले दो दिनों में स्वयंसेवकों द्वारा 150 से अधिक पौधे लगाए गए, जिनमें 50 से अधिक फलदार पौधे तथा अन्य उपयोगी एवं पर्यावरण हितैषी पौधे शामिल हैं।

पौधरोपण अभियान शहर के विभिन्न क्षेत्रों में चलाया गया, जिसमें स्थानीय नागरिकों एवं युवा स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अभियान का उद्देश्य हरित वातावरण को बढ़ावा देने के साथ-साथ लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना है।

पौधरोपण के अलावा एफटीएस युवा रांची की टीम ने स्वच्छता अभियान एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए। इस दौरान स्वयंसेवकों ने लोगों को प्लास्टिक बैग के उपयोग को कम करने तथा दैनिक जीवन में पर्यावरण अनुकूल कपड़े के थैलों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। अभियान के माध्यम से स्वच्छता, सतत जीवनशैली और पर्यावरणीय उत्तरदायित्व का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में 25 से अधिक स्वयंसेवकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई और अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। संगठन के सदस्यों ने कहा कि यह पहल केवल एक अभियान नहीं, बल्कि समाज को हरित एवं स्वच्छ भविष्य की ओर ले जाने का एक सार्थक प्रयास है। एफटीएस युवा रांची ने सामुदायिक विकास एवं प्रकृति संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि आने वाले दिनों में भी पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक जागरूकता से जुड़े ऐसे कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाएंगे।

# रास चुनाव में भाजपा की हार तय : नायक

**रांची :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटि के प्रदेश प्रवक्ता विजय शंकर नायक ने कहा कि झारखंड की जनता ने जिस जनादेश को इंडिया गठबंधन के पक्ष में दिया है, राज्यसभा चुनाव में भी वही जनादेश परिलक्षित होगा। भाजपा की हार लगभग तय है और गठबंधन के दोनों अधिकृत उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित होगी। यह परिणाम लोकतंत्र, गठबंधन की मजबूती और जनता के विश्वास की जीत होगी।

### मॉनसून को लेकर अलर्ट मोड में रांची नगर निगम

# नगर आयुक्त ने संवेदनशील क्षेत्रों का किया निरीक्षण

संवाददाता

**रांची :** आगामी मॉनसून को देखते हुए रांची नगर निगम संभावित जल-जमाव एवं दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए पूरी तरह अलर्ट मोड में कार्य कर रहा है। इसी क्रम में नगर आयुक्त सुशांत गौरव ने शुक्रवार को निगम अधिकारियों के साथ कोकर चौक स्थित सैम्फोर्ड हॉस्पिटल के निकट, महावीर नगर, खोरहा टोली एवं बांधगाड़ी क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने बड़े नालों एवं नालियों की सफाई व्यवस्था, अतिक्रमण की स्थिति, जल निकासी तंत्र तथा जल-जमाव एवं दुर्घटना संभावित क्षेत्रों का जायजा लिया। उन्होंने स्वच्छता एवं अभियंत्रण शाखा को संयुक्त रूप से शहर के सभी प्रमुख नालों का एंड-टू-एंड निरीक्षण कर आवश्यक सुधारात्मक कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का निर्देश दिया।



नगर आयुक्त ने सैम्फोर्ड हॉस्पिटल एवं कोकर चौक के समीप बड़े नालों पर किए गए अतिक्रमणों को चिह्नित कर हटाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि नालियों को भवन निर्माण सामग्री से भरने अथवा जाम करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही घरों एवं भवनों से सीधे सड़क पर नाली का पानी बहाने तथा नालियों के ऊपर अवैध स्लोप एवं सीमेंट फ्लोरिंग बनाने वालों पर नियमानुसार जुमार्ना लगाया जाएगा।

महावीर नगर एवं खोरहा टोली क्षेत्र में पूर्व में हुई दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए बड़े नालों की व्यापक सफाई मॉनसून से पहले पूरी करने तथा नालियों की मापी कर अतिक्रमण की श्रेणी में आने वाली संरचनाओं को हटाने का निर्देश दिया गया।

बांधगाड़ी क्षेत्र में संभावित जल-जमाव वाले स्थानों का निरीक्षण करते हुए अभियंत्रण शाखा को नालियों के डेल्टा प्वाइंट्स का चौड़ीकरण करने तथा जल प्रवाह में बाधा बनने वाले अवरोधों को हटाने के निर्देश दिए गए। साथ ही क्षेत्र में जल-जमाव की समस्याओं की पहचान कर उनके स्थायी समाधान की दिशा में कार्य करने को कहा गया। नगर आयुक्त सुशांत गौरव ने कहा कि विगत वर्षों की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए निगम द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। बड़े नालों की सफाई अभियान तेज कर दिया गया है। नालों से गाद निकालकर उनकी जल वहन क्षमता बढ़ाई जा रही है तथा झाड़ियों एवं घास की नियमित कटाई कराई जा रही है।

उन्होंने बताया कि प्रारंभिक निरीक्षण एवं ड्रोन मैपिंग के दौरान कई स्थानों पर नालों पर अतिक्रमण एवं अवैध संरचनाएं चिन्हित की गई हैं। इनकी विस्तृत मापी कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी तथा अतिक्रमण मुक्त अभियान युद्धस्तर पर चलाया जाएगा।

नगर आयुक्त ने अधिकारियों को अधिक से अधिक गेम्बा वॉक कर जमीनी स्तर पर समस्याओं की पहचान करने तथा माइक्रो मैनेजमेंट के माध्यम से त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान उप नगर आयुक्त रविंद्र कुमार, उप नगर आयुक्त गौतम प्रसाद साहू, कार्यपालक अभियंता, सहायक नगर आयुक्त, सहायक अभियंता, नगर प्रबंधक एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# नितिन नवीन ने कोर कमेटी के सदस्यों और पूर्व प्रदेश अध्यक्षों के साथ की बैठक

संवाददाता

**रांची :** राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार रांची पहुंचे नितिन नवीन ने राज्य के सभी सांसदों, विधायकों के साथ बैठक की। इसके बाद पार्टी की प्रदेश कोर कमेटी के सदस्यों, पूर्व प्रदेश अध्यक्षों के साथ सांगठनिक बैठक की। बैठक के दौरान प्रदेश में भाजपा को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के साथ-साथ मिशन 2029 की तैयारियों को लेकर मंथन किया। पार्टी के सांसद व विधायकों के साथ मंथन करते हुए उन्होंने वर्तमान में झारखंड में आ रही चुनौतियों पर भी चर्चा की। कोर कमेटी की बैठक के दौरान प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को पुस्तक भेंट कर उनका स्वागत किया। बैठक के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सांगठनिक विषयों पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, चंपाई सोरेन, अर्जुन मुंडा एवं मधु कोड़ा, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, संजय सेठ, राज्यसभा सांसद सह पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रबींद्र कुमार राय, अभयकांत प्रसाद, दिनेशानंद गोस्वामी, पूर्व सांसद पीएन सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय, भानु प्रताप शाही, प्रदेश महामंत्री गणेश मिश्रा, अमर कुमार बाउरी, मनोज सिंह और अनंत ओझा भी उपस्थित थे।



**प्रदेश कार्यालय में हुआ भव्य स्वागत :** भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का कार्यकताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। कार्यालय पहुंचने के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धाजंलि अर्पित की गई। इसके बाद उन्होंने पार्टी के सांसदों एवं विधायकों की संयुक्त बैठक को संबोधित किया। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ मंच पर प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी और बिहार के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व सांसद गोपाल नारायण सिंह मौजूद थे। वहीं संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह भी बैठक में उपस्थित रहे। मौके पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, संजय सेठ, दीपक प्रकाश, प्रदीप वर्मा, निशिकांत दुबे, विद्युत वरण महतो, मनीष जयसवाल, ढुल्लू महतो, बीडी राम, कालीचरण सिंह उपस्थित रहे। विधायकों में चंपाई सोरेन, सीपी सिंह, नवीन जयसवाल, नागेंद्र महतो, शशि भूषण मेहता, मनोज यादव, सत्येंद्र नाथ तिवारी, नीरा यादव, राज सिन्हा, अमित यादव, आलोक चौरसिया, देवेंद्र कुंवर, प्रकाश राम, रोशन लाल चौधरी, प्रदीप प्रसाद, शत्रुघ्न महतो, पूर्णिमा साहू, रागिनी सिंह, मंजू कुमारी, कुमार उज्ज्वल उपस्थित रहे।

**रांची एयरपोर्ट पर आगमन होते ही जुटे नेता :** इससे पहले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का रांची एयरपोर्ट पर आगमन होते ही प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू सहित पार्टी के अन्य वरीय नेताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। वहीं पारंपरिक तरीके से गाजे-बाजे के साथ हजारों कार्यकताओं द्वारा भी उनका अभूतपूर्व एवं भव्य स्वागत अभिनंदन किया गया। कार्यकर्ता काफी बेसब्री से एयरपोर्ट पर उनका इंतजार कर रहे थे। राष्ट्रीय अध्यक्ष का आगमन होते ही कार्यकताओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। रांची एयरपोर्ट से निकलकर राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन द्वारा बिरसा चौक स्थित धरती आबा बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। इसके अलावा भारत रत्न स्व. कपूरी ठाकुर एवं स्व. कैलाशपति मिश्र की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया गया। एयरपोर्ट पर नेता प्रतिपक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, अर्जुन मुंडा, चंपाई सोरेन, मधु कोड़ा, केंद्रीय मंत्री संजय सेठ, अन्नपूर्णा देवी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप वर्मा ने स्वागत किया।

**नितिन नवीन से मिले एनडीए गठबंधन के सहयोगी दलों के प्रमुख नेता :** रांची। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से एनडीए के सहयोगी दलों के प्रमुख नेताओं ने प्रदेश कार्यालय में औपचारिक मुलाकात कर झारखंड आगमन पर उनका स्वागत और अभिनंदन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात करने वालों में आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो, गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, जदयू विधायक सरयू राय, आजसू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो, लोजपा के प्रदेश अध्यक्ष बीरेन्द्र प्रधान, विधायक जनार्दन पासवान शामिल थे।



# अंतरराष्ट्रीय योग पर 20 जून तक विशेष योग शिविर का होगा आयोजन

**रांची :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2026 के उपलक्ष्य में राजयोगा सेंटर, ईस्ट जेल रोड में 6 जून से 20 जून 2026 तक आयोजित होने वाले विशेष योग शिविर का शुभारंभ राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक सह निदेशक आयुष शशि प्रकाश झा द्वारा किया गया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि योग स्वस्थ जीवन का आधार है और योग कीजिए, निरोग रहिए के संदेश को राज्य के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों और अंतिम पंचायत तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने राज्य की आम जनता से अपील करते हुए कहा कि अपने निकटवर्ती जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में आयोजित योग सत्रों में भाग लेकर योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं तथा स्वस्थ झारखंड, सुखी झारखंड के निर्माण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

उन्होंने बताया कि विशेष योग शिविर का आयोजन 6 जून से 20 जून 2026 तक किया जाएगा। वहीं, राजयोगा सेंटर में वर्षभर नियमित रूप से योग प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाता है।

कार्यक्रम के दौरान अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा सहित 100 से अधिक प्रतिभागियों ने वरिष्ठ योग प्रशिक्षक डॉ अर्चना कुमारी के मार्गदर्शन में योगाभ्यास किया तथा योग करें, निरोग रहें का संकल्प लिया।

इस अवसर पर डॉ कृष्ण कुमार, उपनिदेशक (आयुर्वेद), डॉ नुजहत सुल्ताना, उपनिदेशक (यूनानी), डॉ वकील कुमार सिंह, रजिस्ट्रार आयुष, डॉ लाल मांझी, डॉ राहुल किशोर सिंह, डॉ अनुज मंडल, महर्षि रमण, अनिल कुमार सिन्हा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। सभी ने योग को जन-जन तक पहुंचाने तथा स्वस्थ समाज के निर्माण हेतु सामूहिक संकल्प लिया।

### रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन ने 145 मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

# धैर्य व दृढ़ संकल्प ही जीवन में सफलता की सबसे बड़ी कुंजीः डॉ सरोज शर्मा

संवाददाता

**रांची :** रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के तत्वावधान में हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन के बहुउद्देशीय सभागार में भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में शैक्षणिक एवं व्यावसायिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले 145 प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज की उभरती प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन करना तथा युवाओं को शिक्षा एवं संस्कार के प्रति प्रेरित करना था।

समारोह की अध्यक्षता सम्मेलन के जिला अध्यक्ष सज्जन पाड़िया ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रांची विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. सरोज शर्मा तथा अन्य अतिथियों द्वारा भगवान श्री गणेश के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल, वरीय उपाध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार एवं महामंत्री विनोद कुमार जैन सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।




मुख्य अतिथि डॉ सरोज शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहना चाहिए। अनुशासन, परिश्रम, विनम्रता, आत्मविश्वास, धैर्य और दृढ़ संकल्प ही जीवन में सफलता की सबसे बड़ी कुंजी हैं। उन्होंने कहा कि मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है और अन्य छात्रों को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करता है।

विशिष्ट अतिथि समाजसेवी अधिवक्ता आनंद पासारी ने सम्मानित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा और संस्कार ही समाज की सबसे बड़ी पूंजी हैं।

समारोह में सीबीएसई एवं आईसीएसई बोर्ड की वर्ष 2026 की दसवीं एवं बारहवीं परीक्षा में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 125 छात्र-छात्राओं को प्रतिभा प्रोत्साहन सम्मान प्रदान किया गया। वहीं विभिन्न व्यावसायिक एवं उच्च शिक्षा क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले 20 युवाओं को भी सम्मानित किया गया।

सम्मानित प्रतिभाओं में एमबीए उपाधि प्राप्त करने वाली सृष्टि सर्राफ, राधिका शर्मा एवं विशाखा शर्मा, चार्टर्ड अकाउंटेंसी में सफलता प्राप्त करने वाले ऋषि चितलांगिया, शिखा सुरेखा, हर्ष राज मित्तल, अंकित बंका, निशा गोयनका, आकांक्षा खोवाल, आकांक्षा पोद्दार, वेदांत ड्रोलिया एवं विधि कुमारी अग्रवाल शामिल रहे। पीएचडी उपाधि प्राप्त करने वाले मयंक पराशर तथा जेईटी में सफलता हासिल करने वाले वैभव विजय को भी सम्मानित किया गया। खेल एवं योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अंश पोद्दार (कराटे), प्रसन्ना पटवारी (कुश्ती) एवं सीकृत अग्रवाल (योग) को विशेष सम्मान दिया गया।

सभी प्रतिभाओं को मोमेंटो, प्रशस्ति-पत्र, पुस्तक एवं पुष्पगुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिला अध्यक्ष सज्जन पाड़िया ने सम्मेलन द्वारा संचालित शिक्षा, जनसेवा एवं सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए कहा कि नई पीढ़ी को प्रोत्साहित करना संस्था की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है।

कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री निर्मल कुमार बुधिया एवं कार्यक्रम संयोजक विशाल पाड़िया ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन कोषाध्यक्ष कमलेश संचेती ने किया। कार्यक्रम संयोजक अमित बजाज ने बताया कि समारोह के प्रायोजक मेसर्स बाबूलाल प्रेम कुमार थे।

इस अवसर पर पवन पोद्दार, पंकज पोद्दार, कमल केडिया, पवन शर्मा, नंदकिशोर पाटोदिया, रमन वोडा, विश्वनाथ नारसरिया, मनोज चौधरी, किशन साबू, नरेंद्र लखोटिया, राजेंद्र केडिया, प्रमोद अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, रविशंकर शर्मा, संजय सर्राफ, प्रदीप बाकलीवाल, अशोक पुरोहित, डूंगरमल अग्रवाल, अशोक लाठ, कौशल राजगढ़िया, राजेश कौशिक, जितेंद्र जैन, किशन शर्मा, सुनील पोद्दार, नरेश बंका, विजय कुमार खोवाल, विकास अग्रवाल, अमर अग्रवाल एवं नारायण विजयवर्गीय सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, अभिभावक एवं समाज के गणमान्य लोग उपस्थित थे।



# स्ट्रेस दूर करने के लिए पिएं ये ड्रिंक्स

स्ट्रेस हम सभी के जीवन का हिस्सा है। किसी को काम का स्ट्रेस है तो कोई पढ़ाई की स्ट्रेस में है। आजकल हर दूसरा बंदा इससे परेशान है। वहीं अक्सर लोग तनाव को दूर करने के लिए या तो चाय या कॉफी का सहारा लेते हैं। लेकिन इससे आपको कुछ देर के लिए ही आराम मिलता है,और बाद में नींद की कमी का कारण बनता है। ऐसे में हम आपको कुछ नेचुरल और हर्बल ड्रिंक्स की जानकारी दे रहे हैं जिससे आपको स्ट्रेस दूर करने मे मदद मिलेगी। आइए इस बारे में हेल्थ एक्सपर्ट रामिता कौर से जान लेते हैं।

### दालचीनी की चाय

स्ट्रेस दूर करने के लिए आप दालचीनी की चाय पी सकते हैं। इसके लिए आप एक कप पानी को उबालने के लिए चढ़ाएं, इसमें एक चुटकी दालचीनी पाउडर डाल दें, इसे उबालकर इसका सेवन करें। दालचीनी की सुगंध मस्तिष्क को शांत करती है।

### इलायची ड्रिंक

स्ट्रेस दूर करने के लिए आप इलायची वाला पानी पिएं, इसके लिए आप दो इलायची को पानी में उबाल लें। पानी को सिप सिप करके पिएं और इलायची को चबा लें। इससे भी आपको फायदा मिलेगा। इलायची में नेचुरल एंटीऑक्सीडेंट और एंटी इंफ्लेमेटरी गुण होता है जो मस्तिष्क को शांत करता है।

### माचा टी

माचा टी भी आपके लिए फायदेमंद हो सकता है। इसके लिए आप एक कप गर्म पानी में आधा छोटा चम्मच माचा पाउडर को डालकर चला दें, धीरे-धीरे इसका सेवन करें। माचा टी में थेआनिन होता है जो एक अमीनो एसिड है और मानसिक शांति और ध्यान केंद्रित करने मे मदद कर सकता है।

### हल्दी वाला दूध

हल्दी वाला दूध भी स्ट्रेस दूर करने मे कारगर है, इसके लिए एक गिलास हल्के गर्म दूध में एक चुटकी हल्दी मिलाकर चला दें, इसे सिप-सिप करके पिएं, इससे भी आपको काफी फायदा मिल सकता है.हल्दी में मौजूद करक्यूमिन में नेचुरल एंटीऑक्सीडेंट और एंटी इंफ्लेमेटरी गुण होता है जो शरीर और मस्तिष्क को आराम प्रदान करता है। इसके अलावा दूध में ट्राइप्टोफैन नाम का अमीनो एसिड पाया जाता है, जो मस्तिष्क में सेरोटोनिन के स्तर को बढ़ाने में मदद करता है, जिससे मूड बेहतर होता है और तनाव कम होता है।



आजकल गलत खान-पान और अनियमित जीवनशैली के चलते, लिवर की समस्या बढ़ती जा रही है। लिवर के सही तरह से फंक्शन न करने का असर, हमारे पूरे स्वास्थ्य पर होता है। आजकल फैटी लिवर के मामले भी तेजी से बढ़ रहे हैं। इसकी वजह से लिवर सही से डिटॉक्स नहीं हो पाता है।

# फैटी लिवर के साथ नजर आने वाले ये लक्षण लिवर की खराबी का देते हैं संकेत

लिवर हमारे शरीर का एक अहम हिस्सा है और सेहतमंद रहने के लिए, लिवर का सही तरह से फंक्शन करना बहुत जरूरी है। आजकल गलत खान-पान और अनियमित जीवनशैली के चलते, लिवर की समस्या बढ़ती जा रही है। लिवर के सही तरह से फंक्शन न करने का असर, हमारे पूरे स्वास्थ्य पर होता है। आजकल फैटी लिवर के मामले भी तेजी से बढ़ रहे हैं। इसकी वजह से लिवर सही से डिटॉक्स नहीं हो पाता है। शरीर में टॉक्सिन्स जमा होने पर, कई तरह की बीमारियां हमें घेर लेती हैं। फैटी लिवर के साथ अगर आपके शरीर में कुछ और लक्षण भी देखने को मिल रहे हैं, तो इन्हें नजरअंदाज न करें। ये लक्षण, लिवर की खराबी का संकेत हो सकते हैं। सेहतमंद रहने के लिए, लिवर का हेल्दी होना जरूरी है। यहां हम आपको कुछ ऐसे लक्षणों के बारे में बता रहे हैं, जो फैटी लिवर के साथ अगर नजर आएं, तो आपको सावधान होने की जरूरत है।

### इन लक्षणों को न करें नजरअंदाज

- अगर फैटी लिवर के साथ आपको वजन कम करने में भी मुश्किल आ रही है, तो इसका मतलब है कि आपका लिवर सही तरीके से काम नहीं कर रहा है।
- मोटापा, फैटी लिवर का एक मुख्य कारण है। वहीं, अगर आपका लिवर ठीक से काम नहीं कर रहा है, तो इससे डाइजेशन पर असर होता है और आप वजन कम नहीं कर पाती हैं।
- अगर आपके मुंह या शरीर से दुर्गंध आ रही है, तो यह भी लिवर के सही तरह से काम न करने का संकेत है। दरअसल, जब लिवर सही से काम नहीं करता है, तो शरीर में टॉक्सिन्स जमा होने लगते हैं।
- जीभ के ऊपर सफेद लेयर का जमना भी इस बात का संकेत है कि आपका लिवर ठीक तरह से काम नहीं कर रहा है। लिवर फंक्शन सही न होने पर, शरीर डिटॉक्स नहीं हो पाता है।
- अगर आपको लगातार स्किन इंफेक्शन हो रहे हैं, एक्ने, प्राइवेट पार्ट्स में पिंपल्स जैसी दिक्कते हो रही हैं, तो यह भी लिवर की खराबी का संकेत है। इसे नजरअंदाज न करें।
- बार-बार होने वाला सिरदर्द भी, लिवर में खराबी की तरफ इशारा करता है।
- लिवर सही न होने पर, डाइजेशन से जुड़ी दिक्कतें आम होती हैं। अगर आपको खाना ठीक से नहीं पच रहा है, खाने के बाद अक्सर, ब्लोटिंग, गैस, उल्टी और बदहजमी होती है, तो इसे लिवर की खराबी का संकेत समझें।
- लिवर सही न होने पर इम्यूनिटी कमजोर होने लगती है। अगर आप बार-बार बीमारियों का शिकार हो रहे हैं, तो इसकी वजह लिवर फंक्शन सही न होना हो सकता है।
- शरीर में न्युट्रिशन की कमी, हार्मोनल इंबैलेंस और लिवर की खराबी की वजह से शुगर क्रेविंग्स हो सकती हैं। बार-बार होने वाली शुगर क्रेविंग्स, आपकी सेहत भी खराब कर सकती हैं।
- अगर फैटी लिवर के साथ, आपका लिवर फंक्शन सही नहीं है, तो मांसपेशियों में दर्द हो सकता है।



# क्या फैटी लिवर की वजह से बढ़ सकता है दिल की बीमारियों का खतरा?

एक्टर मोहसिन खान ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान खुलासा किया कि उन्हें माइल्ड हार्ट अटैक हुआ था। 31 साल की उम्र में एक्टर के हार्ट अटैक की खबर ने सभी को चौंका दिया। हालांकि, आजकल कम उम्र के लोगों में भी दिल की बीमारियां बढ़ती जा रही हैं। एक्टर ने यह भी बताया कि उन्हें फैटी लिवर की भी दिक्कत थी और पिछले साल माइनर दिल का दौरा पड़ा था। फैटी लिवर भी आजकल काफी कॉमन हो गया है। क्या फैटी लिवर और दिल की बीमारियों के बीच कोई रिश्ता है और क्या फैटी लिवर की वजह से हार्ट अटैक का खतरा बढ़ सकता है, चलिए इस बारे में एक्सपर्ट से जानते हैं।

### क्या फैटी लिवर की वजह से बढ़ सकता है दिल की बीमारियों का खतरा?

- फैटी लिवर डिजीज यानी नॉन-एल्कोहॉलिक फैटी लिवर की समस्या आजकल काफी बढ़ती जा रही है। इसका केवल लिवर पर भी नहीं, बल्कि शरीर के अन्य हिस्सों पर भी असर होता है।
- फैटी लिवर की वजह से कार्डियोवैस्कुलर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। फैटी लिवर और दिल की बीमारियों के बीच गहरा कनेक्शन है।
- दरअसल, फैटी लिवर की वजह से मेटाबॉलिक विकार बढ़ने लगते हैं और इसकी वजह से दिल पर भी असर होता है।
- नॉन-एल्कोहॉलिक फैटी लिवर सीधे तौर पर मोटापे से भी जुड़ा है। इसके कारण, इंसुलिन रेजिस्टेंस, टाइप 2 डायबिटीज और डिस्लिपिडेमिया होने के चांस रहते हैं। ये सभी चीजें, दिल की बीमारियों की वजह बन सकती है।
- डिस्लिपिडेमिया, मेटाबॉलिज्म से जुड़ी एक कंडीशन है, जिसमें ब्लड में लिपिड का स्तर असामान्य रूप से ज्यादा या कम हो जाता है।
- लिवर, लिपिड मेटाबॉलिज्म में अहम भूमिका निभाता है और जब यह फैटी हो जाता है, तो इसकी वजह से इस पूरी प्रक्रिया पर असर होता है और इससे दिल पर भी असर होता है।
- फैटी लिवर के कारण, इंफ्लेमेशन बढ़ने लगता है। इससे एंडोथेलियल डिसफंक्शन की संभावना बढ़ जाती है। यह एक ऐसी बीमारी है जो छोटी रक्त वाहिकाओं को प्रभावित करती है।

यही कारण है कि जिन लोगों को फैटी लिवर है, उन्हें दिल की बीमारियों का अधिक खतरा रहता है।



# फैटी लिवर के लक्षणों को रिवर्स करने के लिए आज ही से करें ये 7 काम

फैटी लिवर की समस्या आजकल काफी बढ़ती जा रही है। युवाओं में भी इसके काफी मामले सामने आ रहे हैं। लिवर हमारे शरीर से गंदगी को बाहर निकालने में और डिटॉक्स करने में मदद करता है। लिवर के सही तरह से फंक्शन न करने का असर, हमारे पूरे स्वास्थ्य पर होता है। खान-पान की गलत आदतों और खराब लाइफस्टाइल के चलते, फैटी लिवर के मामले काफी देखने को मिल रहे हैं। फैटी लिवर तब होता है, जब आपके लिवर में बहुत ज्यादा चर्बी जमा हो जाती है। फैटी लिवर के अलग-अलग ग्रेड होते हैं और इसे नजरअंदाज किया जाए, तो दिक्कत बढ़ जाती है। वसा का यह जमाव, लिवर और पूरे शरीर को नुकसान पहुंचा जा सकता है। अगर आपकी रिपोर्ट में फैटी लिवर आ गया है, तो तुरंत इस पर ध्यान दें। इसे रिवर्स करने के लिए, डाइट और लाइफस्टाइल से जुड़े कई बदलाव जरूरी है। यहां हम आपको कुछ ऐसी चीजों के बारे में बता रहे है, जो फैटी लिवर के लक्षणों को मदद करने में मदद कर सकते हैं।

- एक्सपर्ट का कहना है कि फैटी लिवर का मतलब, सिर्फ लिवर के इर्द-गिर्द फैट जमा होना नहीं होता है, बल्कि इसकी वजह से कई सीरियस हेल्थ इश्यूज हो सकते हैं।
- इसके कारण, लिवर इंफ्लेमेशन और लिवर सिरोसिस हो सकता है। अगर लंबे समय तक इस पर ध्यान न दिया जाए, तो लिवर फेलियर भी हो सकता है।
- फैटी लिवर की वजह से डायबिटीज, दिल की बीमारी और मेटाबॉलिक डिसऑर्डर का खतरा बढ़ जाता है।
- लिवर के सही तरह से काम करने के लिए, गट हेल्थ का सही होना जरूरी है। डाइट में साबुत अनाज, सब्जियां और हेल्दी फैट्स को शामिल करें।
- ये सभी चीजें गुड बैक्टीरिया को बढ़ावा देती हैं और इंफ्लेमेशन कम करती हैं। आयुर्वेद के अनुसार, इससे टॉक्सिन्स यानी अमा कम होते हैं। इनके बढ़ने पर लिवर फंक्शन पर असर होता है।
- शरीर को डिटॉक्स करने के लिए, सब्जियां, फल और दालों को खाएं। अलग से डिटॉक्स करने के लिए, हार्श डाइट का सेवन कई बार नुकसान पहुंचा सकता है।
- आयुर्वेद में कहा गया है कि लिवर हेल्थ के लिए डाइजेस्टिव फायर का सही होना डरूरी है। इसके लिए, डाइट में अदरक, हल्दी और जीरे को शामिल करें। इससे डाइजेशन सुधरता है।
- ये सभी चीजे शरीर में न्यूट्रिएंट्स के अब्जॉर्बशन को बढ़ावा देती हैं और इससे टॉक्सिन्स कम होते हैं और लिवर फंक्शन सुधरता है।
- एक्सपर्ट के मुताबिक, फैटी लिवर होने पर शुगर वाली चीजें और ड्रिंक्स को तुरंत बंद कर दें। इससे कुछ हफ्तों में लिवर पर जमी चर्बी कम हो सकती है।
- रोजाना कम से कम आधे घंटे ब्रिस्क वॉकिंग और योग करें। इससे लिवर की चर्बी 30 प्रतिशत तक कम हो सकती है।
- क्रूसिफेरस सब्जियां जैसी ब्रोकली, गोभी और स्प्रॉउट्स को डाइट में शामिल करें। ये चीजें एंटी-ऑक्सीडेंट्स फाइटोन्यूट्रिएंट्स से भरपूर होती हैं और फैटी लिवर को कम करती हैं।



# कोर्टिसोल और थायराइड हार्मोन बैलेंस करने के लिए करें ये 2 प्राणायाम

**शरीर में अलग-अलग हार्मोन्स को बैलेंस करने में अलग-अलग एक्सरसाइज और प्राणायाम कारगर हैं। कोर्टिसोल और थायराइड हार्मोन्स को बैलेंस करने के लिए, एक्सपर्ट के बताए ये 2 प्राणायाम करें।**

सेहतमंद रहने के लिए, जितना जरूरी सही खान-पान है, उतना ही जरूरी एक्सरसाइज, योग और प्राणायाम को रूटीन में शामिल करना भी है। शरीर में हार्मोनल इंबैलेंस की वजह से कई दिक्कतें हो सकती हैं। थायराइड, कोर्टिसोल, इंसुलिन और भी कई अन्य हार्मोन्स में उतार-चढ़ाव होने पर, इसका असर हमारी सेहत पर होता है। आजकल हार्मोनल इंबैलेंस की वजह से होने वाली बीमारियां काफी बढ़ती जा रही हैं। ऐसे में इन्हें बैलेंस करने पर आपको खास ध्यान देना चाहिए। शरीर में अलग-अलग हार्मोन्स को बैलेंस करने में अलग-अलग एक्सरसाइज और प्राणायाम कारगर हैं। कोर्टिसोल और थायराइड हार्मोन्स को बैलेंस करने के लिए, एक्सपर्ट के बताए ये 2 प्राणायाम करें। अगर आप अधिक तनाव में हैं, शरीर में स्ट्रेस हार्मोन बढ़ा है, तो आप अनुलोम-विलोम करें। वहीं, थायराइड हार्मोन इंबैलेंस होने पर भ्रामरी प्राणायाम करें। इन्हें करने का सही तरीका और इनके फायदों के बारे में एक्सपर्ट से जानें।

### तनाव दूर करने के लिए अनुलोम-विलोम प्राणायाम

- इसे करने के लिए सबसे पहले किसी शांत जगह पर बैठ जाएं।
- अब आपको जमीन पर बैठने में दिक्कत है, तो आप इसे ऊपर बैठकर भी कर सकती हैं।
- इसे सुखासन या पद्मासन में बैठकर करें।
- सबसे पहले अपने दाएं हाथ के अंगूठे से दाएं नथुने को बंद करें।
- अब बाईं तरफ की नाक से सांस को अंदर की तरफ खीचें।
- अब उंगलियों से बाएं नथुने के बंद कर दें।
- इसके बाद आप दाहिने नथुने से अंगूठा हटाकर सांस छोड़ें।
- अब दाएं नथुने से ही सांस को अंदर की ओर भरें।
- इसके बाद दाईं नाक से सांस को अंदर की ओर भरें और कुछ सेकेंड्स में बाईं नाक खोलकर सांस को बाहर निकाल दें।
- इसी तरह इन स्टेप्स को दोहराएं।
- इसे आपको रोज 10-15 मिनट करना है।
- इसे करने से तनाव दूर होता है और सांस संबंधी दिक्कतें भी कम होती हैं।
- इससे मन शांत होता है और नींद अच्छी आती है।
- इसे करने से शरीर में हार्मोनल बैलेंस बना रहता है।



मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in** **email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# विश्व पर्यावरण दिवस जीवनशैली में परिवर्तन का संदेश देता है : प्राचार्य

### मॉडल कॉलेज राजमहल साहिबगंज में विश्व पर्यावरण दिवस सप्ताह का समापन

**संवाददाता**

साहिबगंज/राजमहलःमॉडल कॉलेज राजमहल, साहिबगंज में विश्व पर्यावरण दिवस सप्ताह के समापन के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, योग एवं नमामि गंगे राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के अंतर्गत जन-जागरूकता एवं स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ गंगा स्वच्छता, जल संरक्षण एवं सतत विकास के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने पर विशेष बल दिया गया।कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 09:00 बजे कॉलेज परिसर में जिला वन विभाग एवं नमामि गंगे योजना के सहयोग से किया गया। इस दौरान पूरे परिसर में लगभग 100 पौधों



का वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण, हरियाली संवर्धन तथा जलवायु संतुलन का संदेश दिया गया। वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि वृक्ष न केवल पर्यावरण को शुद्ध करते हैं।बल्कि गंगा नदी के जलग्रहण क्षेत्र को संरक्षित व संतुलित बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके साथ ही गंगा स्वच्छता एवं संरक्षण हेतु सामूहिक जनभागीदारी की आवश्यकता पर बल दिया गया।कार्यक्रम के दौरान योग अभ्यास एवं योग जागरूकता सत्र का भी आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों प्रतिभागियों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने मानसिक संतुलन बनाए रखने और स्वच्छ पर्यावरण के महत्व से अवगत कराया गया।नमामि गंगे मिशन के अंतर्गत आयोजित स्वच्छता अभियान के दौरान विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण में उत्कृष्ट योगदान देने वाले छात्रों को मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।जिससे विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखा गया। जिसकी अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य सह प्रसिद्ध पर्यावरणविद् डॉ. रणजीत कुमार सिंह ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है तथा प्रत्येक नागरिक को वृक्षारोपण, जल संरक्षण एवं योग के माध्यम से प्रकृति के संतुलन में सक्रिय योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः

उन्होंने आगे कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस केवल एक दिवस नहीं, बल्कि यह जीवनशैली में परिवर्तन का संदेश देता है। उन्होंने सभी से जल, जंगल और जमीन के संरक्षण का संकल्प लेने तथा गंगा को स्वच्छ, अविरल एवं प्रदूषणमुक्त बनाए रखने में योगदान देने का आह्वान किया। जबकि विधायक प्रतिनिधि महरूफ उर्फ गुड्डू जी ने वृक्षारोपण किया तथा उपस्थित सभी प्रतिभागियों को पर्यावरण संरक्षण, वृक्षों की रक्षा व गंगा स्वच्छता का संकल्प दिलाया। उन्होंने सामूहिक प्रयासों के माध्यम से हरित एवं स्वच्छ पर्यावरण तथा स्वच्छ गंगा के निर्माण पर बल दिया।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सहायक निदेशक, भूतत्व, साहिबगंज श्री कुणाल कौशल, उपनिदेशक, भूतत्व, संथाल परगना अंचल, दुमका खनन एवं भूतत्व विभाग, झारखंड व एम.डी. दानिश हुसैन उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने पर्यावरण संतुलन, सतत विकास, गंगा संरक्षण एवं योग के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।विशिष्ट अतिथि श्री कुणाल कौशल ने जियोलॉजी भू-विज्ञान विषय में करियर की अपार संभावनाओं पर भी चर्चा की। उन्होंने बताया कि राजमहल क्षेत्र भू-विज्ञान के अध्ययन एवं शोध के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, जहाँ फॉसिल अध्ययन, खनन क्षेत्र पर्यावरण विज्ञान एवं संबंधित वैज्ञानिक क्षेत्रों में रोजगार एवं अनुसंधान के अनेक अवसर उपलब्ध हैं।कार्यक्रम में मुस्कान कनोडिया, शिक्षक अनिकेत कुमार सहित कॉलेज के अन्य शिक्षकगण, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे, जिन्होंने उत्साहपूर्वक वृक्षारोपण, योग एवं स्वच्छता गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाई।पूरे कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण, गंगा स्वच्छता, योग जागरूकता एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने वाला सकारात्मक वातावरण देखने को मिला।अंत में प्राचार्य डॉ. रणजीत कुमार सिंह ने सभी अतिथियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं सहयोगी विभागों का आभार व्यक्त किया तथा कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## संथाल परगना को केंद्र शासित प्रदेश बनाने की मांग

**संवाददाता**

साहिबगंज/राजमहलः-हिन्दू धर्म रक्षा मंच के केंद्रीय अध्यक्ष संत कुमार घोष ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा की रांची मे भाजपा के रास्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के नेतृत्व प्रबुद्ध नागरिक संवाद कार्यक्रम सह 'विकसित भारत 2047' का संकल्प की बैठक मे संथाल परगना को केंद्र शासित प्रदेश बनाने की मांग उठी।बैठक में प्रबुद्ध जनों ने देश और राज्य के विकास तथा सुरक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर मंथन किया।संथाल परगना मे ?तेजी से बदलती डेमोग्राफी पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए इस संबंध मे हिन्दू धर्म रक्षा मंच के केंद्रीय अध्यक्ष संत कुमार घोष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भी लिखा।श्री घोष ने रांची के कार्यक्रम में आये भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन को लिखित रूप से अपनी मांग पत्र सौंपा।उन्होंने विस्तार से बताया



कि झारखंड के संथाल परगना क्षेत्र में पिछले कुछ समय में बहुत तेजी से 'डेमोग्राफी चेंज' हुआ है,जो राज्य और देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए एक बड़ा संकेत है।?नया केंद्र शासित प्रदेश बनाने की लिखित मांग ?देश की आंतरिक सुरक्षा नीति को मजबूत करने और सीमावर्ती क्षेत्रों को सुरक्षित करने पर जोर देते हुए संत कुमार घोष ने एक बड़ा प्रस्ताव रखा।कि ?झारखंड के संथाल परगना और पश्चिम बंगाल के मालदा जिला सहित बांग्लादेश के सीमावर्ती जिलों को आपस में मिलाकर एक नया केंद्र शासित प्रदेश बनाया जाए।?सीमांचल के इन संवेदनशील क्षेत्रों को केंद्र शासित प्रदेश घोषित करना 'विकसित भारत 2047' के संकल्प और देश की आंतरिक सुरक्षा नीति के लिहाज से बेहद जरूरी कदम है।हिन्दू धर्म रक्षा मंच के केंद्रीय अध्यक्ष संत कुमार घोष ने ?विकसित भारत 2047 पर मंथन ?सभा में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए न सिर्फ आर्थिक और बुनियादी ढांचे का विकास जरूरी है,बल्कि सीमाओं की सुरक्षा और आंतरिक स्थिरता भी उतनी ही महत्वपूर्ण है।कहा कि कार्यक्रम में रांची के कई गणमान्य नागरिक,शिक्षाविद और प्रबुद्ध जन शामिल हुए,जिन्होंने इस संकल्प को पूरा करने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।

## 28 वार्डों में कुल 63 जन वितरण प्रणाली विक्रेता कार्यरत हैं : राहुल

**संवाददाता**

**साहिबगंज:**वित्तीय वर्ष 2025-26 की प्रथम छमाही के अंतर्गत राज्य सरकार की योजना के तहत पात्र लाभुकों के बीच धोती साड़ी व लुंगी वितरण की तैयारी पूरी कर ली गई है।इस संबंध में जानकारी देते हुए साहिबगंज सदर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी राहुल रौशन मरांडी ने बताया कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के सभी जन वितरण प्रणाली पीडीएस दुकानदारों के माध्यम से सभी लाभुकों को वस्त्र उपलब्ध कराए जाएंगे।उन्होंने बताया कि शहरी क्षेत्र के 28 वार्डों में कुल 63 जन वितरण प्रणाली विक्रेता डीलर कार्यरत हैं, जबकि ग्रामीण क्षेत्र की 11 पंचायतों में 47 डीलर योजना के क्रियान्वयन में शामिल किए गए हैं।सभी डीलरों को



लाभुकों के बीच धोती,साड़ी एवं लुंगी का वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि योजना के तहत प्रत्येक लाभुक को निर्धारित दर पर वस्त्र उपलब्ध कराए जाएंगे।इसके लिए धोती,साड़ी एवं लुंगी के लिए सभी लाभुकों से 10-10 रुपये की राशि ली जाएगी।उन्होंने सभी पात्र लाभुकों से अपील की है कि वे अपने नजदीकी जन वितरण प्रणाली दुकान पर जाकर योजना का लाभ उठाएं तथा वितरण प्रक्रिया में सहयोग करें। प्रशासन द्वारा वितरण कार्य की नियमित निगरानी भी की जाएगी ताकि योजना का लाभ पारदर्शी एवं सुचारु रूप से पात्र लोगों तक पहुंच सके।

## नशे की लत और पैसों की जरूरत पूरी करने के लिए की चोरी

**संवाददाता**

साहिबगंज/बरहेटःथाना क्षेत्र के धनजोरी गांव में एक ही रात कई घरों में हुई मोबाइल चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी के 10 मोबाइल फोन और एक चांदी का चेन बरामद किया है।पुलिस अधीक्षक कार्यालय,साहिबगंज द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 28 मई को धनजोरी गांव के विभिन्न घरों से करीब 10 मोबाइल फोन चोरी होने की सूचना मिली थी।मामले के सत्यापन के बाद बरहेट थाना में कांड संख्या 67/26 दर्ज कर



पुलिस ने जांच शुरू की।तकनीकी अनुसंधान के दौरान चोरी हुए मोबाइल फोन के उपयोग के आधार पर पुलिस को अहम सुराग मिला।जांच के क्रम में बरहेट निवासी सजाद अंसारी उर्फ वायरस उर्फ वारिस को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई।पूछताछ में उसने अपने साथी वसीम अंसारी के साथ मिलकर चोरी की घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार की।आरोपी ने बताया कि नशे की लत और पैसों की जरूरत पूरी करने के लिए दोनों ने चोरी की योजना बनाई थी।पुलिस के अनुसार 27 मई की रात दोनों आरोपियों ने धनजोरी गांव के करीब सात घरों में घुसकर 10 मोबाइल फोन,एक लेडीज पर्स,चांदी का माला तथा नकदी की चोरी की थी।बाद में चोरी के सामान और नकदी का आपस में बंटवारा कर लिया गया।आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने दूसरे आरोपी वसीम अंसारी को भी गिरफ्तार कर लिया।दोनों की गिरफ्तारी के बाद चोरी के सभी 10 मोबाइल फोन और एक चांदी का चेन बरामद कर लिया गया है।

## राहुल दुबे गिरोह के सक्रिय सदस्य मो वारिश गिरफ्तार, पिस्तौल बरामद

हजारीबाग : हजारीबाग पुलिस की विशेष जांच टीम ने कार्रवाई करते हुए राहुल दुबे गिरोह के सक्रिय सदस्य मो. वारिस को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से घटना में प्रयुक्त 7.62 एमएम की एक देशी पिस्तौल और दो कारतूस बरामद किए हैं। यह जानकारी बड़कागांव एसडीपीओ अमित आनंद ने दी। उन्होंने बताया कि बीते 2 जून 2026 को गिद्दी सी चेकपोस्ट पर एक बुलेट मोटरसाइकिल पर सवार दो अपराधियों ने फायरिंग की थी। इस संबंध में गिद्दी थाना कांड संख्या 13/26 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए एक एसआईटी का गठन किया था।

**पूछताछ और जुर्म कबूल**

अनुसंधान के क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने बड़कागांव थाना अंतर्गत पुन्दोल चंदोल निवासी मो. वारिस उम्र 22 वर्ष को उसके घर से हिरासत में लिया। कड़ी पूछताछ के दौरान उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने स्वीकार किया कि वह राहुल दुबे गिरोह का सक्रिय सदस्य है। साथ ही उसने बताया कि इस घटना में उसके अलावा दो अन्य सदस्य भी शामिल थे, जो फिलहाल फरार हैं। पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

# नगर परिषद क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति योजना का काम अभी तक अधूरा है : सुनीता सिन्हा

### वार्ड सात में पेयजल योजना अधूरी पार्षद ने हाईकोर्ट से की निष्पक्ष जांच की मांग

**संवाददाता**

साहिबगंजःनगर परिषद क्षेत्र में चल रही पेयजल आपूर्ति योजना पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।वार्ड संख्या-07 की वार्ड पार्षद सुनीता सिन्हा ने झारखंड उच्च न्यायालय,रांची के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर इस योजना की वास्तविक स्थिति की जांच कराने और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

**अधूरी परियोजना और पाइपलाइन का अभाव**



पार्षद ने पत्र में आरोप लगाया है कि नगर परिषद क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति योजना का काम अभी तक अधूरा है। विशेष रूप से वार्ड संख्या-7 की स्थिति दयनीय है,जहाँ लगभग 25-50 घरों को अभी तक जलापूर्ति कनेक्शन नहीं मिल सका है।कई जगहों पर पाइपलाइन टूटी हुई है,वहीं पाइप बिछाने के बाद सड़कों की मरम्मत का काम भी बीच में ही छोड़ दिया गया है,जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**विभाग पर झूठी रिपोर्ट का आरोप**

सुनीता सिन्हा ने बताया कि इन इलाकों में पानी का दबाव बेहद कम है और कई जगहों पर तो पानी पहुँच ही नहीं रहा है।इसके बावजूद,संबंधित विभाग द्वारा इस योजना को 'पूर्ण' दिखाया जा रहा है और पूर्णता रिपोर्ट पेश की जा रही है,जो कि जमीनी हकीकत से बिल्कुल विपरीत है।

**उच्च न्यायालय से हस्तक्षेप की अपील**

पार्षद ने अपनी शिकायत में कहा है कि विभाग द्वारा पेश की गई रिपोर्ट भ्रामक है।उन्होंने माननीय उच्च न्यायालय से आग्रह किया है कि वे इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए योजना की एक स्वतंत्र और निष्पक्ष भौतिक जांच कराएं। साथ ही,जनहित में लापरवाह अधिकारियों पर आवश्यक विधिक और प्रशासनिक कार्रवाई के निर्देश दिए जाएं ताकि क्षेत्रवासियों को पेयजल की समस्या से मुक्ति मिल सके।

## न्यूज IN ब्रीफ

### मारपीट में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

साहिबगंज : मिर्जाचौकी थाना के निकट मुफस्सिल थाना अंतर्गत गैलेक्सी मैदान में करीब तीन माह पूर्व हुई मारपीट की घटना में घायल कालीचरण मंडल की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद मृतक की मां सविता देवी के आवेदन पर पुलिस ने मोहल्ले के ही गोविंद मंडल समेत चार लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, गैलेक्सी मैदान में हुए विवाद के दौरान कालीचरण मंडल के साथ मारपीट की गई थी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। घटना के बाद उसका इलाज चल रहा था, लेकिन उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।
मृतक की मां सविता देवी के आवेदन पर मिजार्चैकी थाना में गोविंद मंडल एवं तीन अन्य आरोपियों के खिलाफ कांड संख्या 79/26 दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है तथा आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### नाबालिग के अपहरण की शिकायत, जांच में जुटी पुलिस

**साहिबगंज :** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महादेवगंज से एक नाबालिग किशोरी के कथित अपहरण का मामला सामने आया है। इस संबंध में किशोरी के पिता ने मुफस्सिल थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। मिली जानकारी के अनुसार, किशोरी के अचानक लापता होने के बाद परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिलने पर थाना पहुंचकर अपहरण की आशंका जताते हुए शिकायत दर्ज कराई।इस संबंध में थाना प्रभारी मनीष पांडे ने बताया कि नाबालिग किशोरी के अपहरण की शिकायत प्राप्त हुई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है तथा किशोरी की बरामदगी के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही मामले का खुलासा कर लिया जाएगा ।

### मारपीट में तीन पर नामजद प्राथमिकी दर्ज

साहिबगंजःनगर थाना क्षेत्र के रसूलपुर दहला निवासी मुन्ना दास ने अपने पुत्र गोलू दास के साथ मारपीट कर घायल करने के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है।दर्ज प्राथमिकी में मुन्ना दास ने आरोप लगाया है कि मोहल्ले के ही छोटू दास, पिंटू दास एवं सोनू दास ने मिलकर उनके पुत्र गोलू दास के साथ मारपीट की, जिससे वह घायल हो गया।इस संबंध में नगर थाना प्रभारी अमित गुप्ता ने बताया कि मुन्ना दास के आवेदन पर कांड संख्या 98/26 दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है तथा आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### थाना दिवस पर 6 में 4 भूमि विवाद मामलों की हुई सुनवाई

**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना परिसर में शनिवार को थाना दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें भूमि एवं राजस्व संबंधी लंबित मामलों की सुनवाई की गई थाना दिवस के दौरान क्षेत्र से प्राप्त जमीन विवाद से जुड़े कुल पांच मामलों की समीक्षा की गई ।सुनवाई के उपरांत 4 मामले का निष्पादन कर दिया गया, जबकि शेष 2 मामलों में जांच एवं आवश्यक दस्तावेजों के सत्यापन की प्रक्रिया जारी है संबंधित पक्षों की बात सुनने के बाद राजस्व एवं पुलिस विभाग की ओर से मामले के समाधान की दिशा में कार्रवाई की जा रही है ।इस संबंध में थाना प्रभारी शशि सिंह ने बताया कि जमीन संबंधी मामले अक्सर जटिल प्रकृति के होते हैं ऐसे मामलों में निष्पक्ष निर्णय के लिए स्थल जांच, अभिलेखों का सत्यापन तथा दोनों पक्षों के दावों की गहन जांच आवश्यक होती है जांच प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही मामलों का निष्पादन किया जाता है
उन्होंने कहा कि थाना दिवस का उद्देश्य भूमि विवादों का त्वरित एवं शांतिपूर्ण समाधान सुनिश्चित करना है इसके लिए पुलिस एवं राजस्व विभाग संयुक्त रूप से कार्य कर रहे हैं, ताकि लोगों को न्याय मिल सके और अनावश्यक विवादों से बचा जा सके थाना दिवस में थाना एवं अंचल कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी के अलावा संबंधित पक्षकार भी उपस्थित रहे प्रशासन ने लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखने तथा विवादों के समाधान में सहयोग करने की अपील की है।

### बीएलए-2 का उपस्थित रहना अति आवश्यक है : अरुण सिंह



**साहिबगंज/बोरियोः**झामुमो प्रखंड कमेटी की बैठक मोरंग नदी के समीप हुई।जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष स्टीफन मुर्मू ने की।बैठक मे जिला अध्यक्ष अरुण सिंह,जिला उपाध्यक्ष संजीव शामू हेंब्रम,जिला सचिव सुरेश टुडू,केंद्रीय समिति सदस्य संजय मिश्रा शामिल हुए।बैठक में सभी प्रखंड कमेटी के पदाधिकारीगण ओर सदस्यों को अपने अपने पंचायतों में मैपिंग प्रतिशत को बढ़ाने ओर बीएलए-2 को मजबूती से कार्य करने का निर्देश दिया।वही जिला अध्यक्ष अरुण सिंह ने कहा कि आगामी दिनांक 12 जून दिन शुक्रवार को साहिबगंज टाउन हॉल में झामुमो के केंद्रीय महासचिव और प्रवक्ता विनोद पांडे का आगमन होने जा रहे।उक्त कार्यकम में सभी प्रखंड कमेटी और पंचायत कमेटी बूथ कमेटी बीएलए-2 का उपस्थित रहना अति आवश्यक है।मौके पर प्रखंड अध्यक्ष स्टीफन मुर्मू, प्रखंड सचिव गफ्फार अंसारी,प्रखंड उपाध्यक्ष मंडल मरांडी,प्रखंड कोषाध्यक्ष निताय मंडल, जिला कार्यकारिणी सदस्य रिजवान अंसारी,पूर्व प्रखंड अध्यक्ष जेठा मरांडी,फरहाद अंसारी,मो एजाज अंसारी,शकील अहमद,मुखिया गोलमा, अर्जुन रजक,बाबूलाल हेंब्रम सुरेश मरांडी,लक्ष्मण बेसरा,समेत अन्य मौजूद रहें।

### रेलवे की नॉर्थ और साउथ कॉलोनी में चला बुलडोजर दर्जनों जर्जर क्वार्टर ध्वस्त

**साहिबगंज :** मालदा रेल मंडल अंतर्गत साहिबगंज की नॉर्थ कॉलोनी और साउथ कॉलोनी में रेलवे प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने और भूमि खाली कराने के लिए बुलडोजर अभियान चलाया। इस दौरान वर्षों से खाली पड़े और जर्जर हो चुके दर्जनों रेलवे क्वार्टरों को ध्वस्त कर दिया गया।जानकारी के अनुसार करीब 200 रेलवे क्वार्टर लंबे समय से अनुपयोगी अवस्था में पड़े थे, जिनमें से कई पर अवैध कब्जा भी हो गया था। मालदा रेल मंडल के प्रबंधक मनीष गुप्ता के निरीक्षण के दौरान अवैध कब्जे की पुष्टि होने के बाद कार्रवाई का निर्णय लिया गया।

# एमपीएल टी-20: उज्जैन फाल्कन्स की नजर चंबल घड़ियाल्स के खिलाफ जीत पर

एजेंसी

**इंदौर :** उज्जैन फाल्कन्स की टीम कल यानी सोमवार को मध्य प्रदेश के इंदौर स्थित होल्कर स्टेडियम में मध्य प्रदेश लीग (एमपीएल) टी-20 सिंधिया कप के अपने तीसरे मैच में चंबल घड़ियाल्स के खिलाफ जीत दर्ज करके टूनामेंट में वापसी करने की कोशिश करेगी। फाल्कन्स ने टूर्नामेंट की शानदार शुरूआत की थी और पहले मैच में ग्वालियर चीतास को 92 रनों से करारी शिकस्त दी। इस जीत में उप-कप्तान माधव तिवारी के ऑलराउंड प्रदर्शन और टीम के कई खिलाड़ियों के अहम योगदान का बड़ा हाथ रहा। हालांकि, पिछले मैच में 206 रनों का मजबूत स्कोर बनाने के बावजूद उज्जैन फाल्कन्स को मालवा स्टैलियंस के हाथों छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा। कप्तान चंचल राठौर ने अब तक टीम की अगुवाई करते हुए शानदार प्रदर्शन किया है। राठौर को उप कप्तान माधव तिवारी का भी भरपूर साथ मिला है। शुरूआती मैचों में बल्ले और गेंद दोनों से उनके (माधव) असरदार प्रदर्शन ने टीम के लिए बहुत सकारात्मक भूमिका निभाई है। इसके अलावा यश दुबे, ओजस्व यादव, आर्यन पांडे और ऋषि मिगलानी सभी ने अलग-अलग मौकों पर अहम योगदान दिया है। फाल्कन्स को उम्मीद होगी कि उनके बल्लेबाज एक बार फिर मिलकर अच्छा प्रदर्शन करेंगे। मैच से पहले कप्तान चंचल राठौर ने एक बयान में कहा कि टीम ने शुरुआती दो मैचों में कई सकारात्मक संकेत दिखाए हैं। हमने टूर्नामेंट की अच्छी शुरूआत की। भले ही पिछला नतीजा हमारे पक्ष में नहीं रहा, लेकिन कई खिलाड़ियों ने उत्साहजनक प्रदर्शन किया। हमने अपनी गलतियों से सीखा है और अब हमारा ध्यान अपनी योजनाओं को बेहतर ढंग से लागू करने पर है। उन्होंने कहा कि चंबल घड़ियाल एक मजबूत टीम है, लेकिन हमें अपनी काबिलियत पर भरोसा है। हम एक बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं। उप-कप्तान माधव तिवारी ने कहा कि इस तरह के टूर्नामेंट में हर मैच अहम होता है। टीम का माहौल सकारात्मक है और हर कोई अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित है। हमने अब तक अच्छा क्रिकेट खेला है और हमारा मकसद एक टीम के तौर पर लगातार बेहतर करते रहना है।

# 'सलमान खान को कोर्ट में ही जवाब देंगे'

## 'काला हिरण' विवाद पर निर्माता अमित जानी का पलटवार

**फिल्म** 'काला हिरणः द बैटल फॉर लेगेसी' को लेकर छिड़ा विवाद लगातार गहराता जा रहा है। बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान द्वारा फिल्म के मेकर्स को भेजे गए लीगल नोटिस के बाद अब निर्माता अमित जानी ने खुलकर अपनी प्रतिक्रिया दी है। बातचीत में अमित जानी ने कहा कि यदि सलमान खान इस मामले को अदालत तक ले जाना चाहते हैं, तो वह उन्हें कोर्ट में ही जवाब देंगे। उन्होंने दावा किया कि उनकी फिल्म न तो सलमान खान पर आधारित है और न ही गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई पर, बल्कि यह बिश्नोई समाज के उन लोगों की कहानी है, जिन्होंने अपने अधिकारों और न्याय के लिए लंबी कानूनी लड़ाई लड़ी। बात करते हुए अमित जानी ने कहा, 'फिल्म का अभी तक न तो टीजर रिलीज हुआ है और न ही ट्रेलर सामने आया है। जब किसी ने फिल्म देखी ही नहीं है, तो उसके कंटेंट को लेकर आपत्ति कैसे जताई जा सकती है? अगर सलमान खान सीधे उनसे बातचीत करते और फिल्म की कहानी के बारे में पूछते, तो मैं विस्तार से समझा देता कि फिल्म का वास्तविक विषय क्या है।' निर्माता ने कहा, ''मुझे लगता है कि सलमान खान बिना पूरी जानकारी के इस फिल्म का विरोध कर रहे हैं। फिल्म में किसी के खिलाफ व्यक्तिगत टिप्पणी नहीं की गई है। अगर किसी पोस्टर में एक व्यक्ति बंदूक लिए खड़ा दिखाई देता है और कहीं भी सलमान खान का नाम नहीं लिखा गया है, तो यह मान लेना कि फिल्म उन्हीं के बारे में है, सही नहीं है।'' बातचीत के दौरान अमित जानी ने आगे कहा, 'काला हिरण उन बिश्नोई समुदाय के लोगों की कहानी है, जिन्होंने न्याय के लिए संघर्ष किया। मेरी पिछली फिल्म 'उदयपुर फाइल्स' को लेकर भी कानूनी विवाद सामने आया था। उस मामले में अदालत के निर्देश पर हमने याचिकाकर्ताओं को फिल्म रिलीज से पहले दिखाई थी। इसी तरह यदि अदालत इस मामले में भी ऐसा कोई निर्देश देती है, तो हम उसका पालन करेंगे। अगर सलमान खान सीधे तौर पर फिल्म देखने की इच्छा जताते, तो मैं इसके लिए भी तैयार था। लेकिन बिना फिल्म देखे सीधे नोटिस भेजना उचित नहीं है। निर्माता ने कहा, ''फिल्म बनाने का अधिकार सभी को है। आरुषि तलवार हत्याकांड, देश के विभाजन, महात्मा गांधी की हत्या, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और योगी आदित्यनाथ जैसे व्यक्तित्वों पर भी फिल्में बनाई गई हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर बनी फिल्म 'अजेय' के लिए उनकी मंजूरी नहीं ली गई थी, क्योंकि यह किताब 'द मॉन्क हू बिकेम चीफ मिनिस्टर' पर आधारित थी। हमारी फिल्म भी इस संबंध पर लिखी गई चार किताबों पर आधारित है। पूरे विवाद की शुरुआत तब हुई जब सलमान खान की कानूनी टीम ने फिल्म के मेकर्स को नोटिस भेजा। नोटिस में कहा गया कि फिल्म कथित तौर पर 1998 के चर्चित ब्लैकबक शिकार मामले से प्रेरित है और इससे अभिनेता की छवि को नुकसान पहुंच सकता है। साथ ही यह भी तर्क दिया गया कि मामला अभी भी राजस्थान हाई कोर्ट में लंबित है, इसलिए इस पर आधारित कोई फिल्म न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित कर सकती है। विवाद तब और बढ़ गया जब फिल्म का पोस्टर सामने आया। पोस्टर में एक व्यक्ति को बंदूक के साथ दिखाया गया था, जिसका लुक कई लोगों को सलमान खान से मिलता-जुलता लगा। इसी आधार पर सोशल मीडिया पर चर्चाएं शुरू हो गई कि फिल्म अप्रत्यक्ष रूप से सलमान खान और ब्लैकबक केस को केंद्र में रखकर बनाई जा रही है।



'सामान खरीदें, अधिक मोलभाव न करें

# सोनू सूद ने सिद्धेश्वर मंदिर के बाहर छोटे व्यापारियों के लिए की खास अपील



**अभिनेता** सोनू सूद एक बार फिर छोटे व्यापारियों का हौसला बढ़ाते नजर आए। इस बार वह मंदिर के बाहर छोटी-छोटी दुकानें लगाने वाले दुकानदारों के पास पहुंचे। इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए गए वीडियो में देखा जा सकता है कि अभिनेता सोलापुर के सिद्धेश्वर मंदिर के बाहर खड़े हैं। वह अपने प्रशंसकों से अपील कर रहे हैं कि जब भी कोई इस मंदिर में आए, तो इन छोटे दुकानदारों से सामान जरूर खरीदे और उनसे अधिक मोलभाव न करे। उन्होंने वीडियो साझा करते हुए लिखा, 'हर-हर महादेव। सोनू का यह वीडियो सोशल मीडिया पर काफी पसंद किया जा रहा है। कई यूजर्स इमोजी के साथ अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। सोलापुर का सिद्धेश्वर मंदिर महाराष्ट्र का एक प्रमुख और ऐतिहासिक हिंदू तीर्थस्थल है। यह 12वीं सदी के संत एवं समाज सुधारक श्री सिद्धारामेश्वर (सिद्धेश्वर) से जुड़ा हुआ है। मंदिर परिसर सिद्धेश्वर झील के मध्य स्थित है, जो इसकी विशेष पहचान मानी जाती है। मंदिर परिसर में 68 शिवलिंग स्थापित होने का उल्लेख मिलता है। मकर संक्रांति के अवसर पर यहां प्रसिद्ध 'गद्दा यात्रा' का आयोजन किया जाता है, जो लगभग 15 दिनों तक चलती है और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को आकर्षित करती है। अभिनेता सोनू सूद छोटे व्यापारियों समेत विभिन्न जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए अक्सर आगे आते रहे हैं। वर्ष 2020 में कोविड-19 महामारी और लॉकडाउन के दौरान उन्होंने प्रवासी श्रमिकों तथा अन्य जरूरतमंद लोगों की सहायता की थी। उन्हें उनके मानवीय कार्यों के लिए 'एसडीजी स्पेशल ह्यूमैनिटेरियन एक्शन अवार्ड' से सम्मानित किया गया था।



## ससुर जी के लिए

# इलियाना डिक्रूजा बनीं शेफ

**अभिनेत्री** इलियाना डिक्रूजा इन दिनों सिनेमा की चकाचौंध से दूर अपनी निजी जिंदगी का खुलकर आनंद ले रही हैं। मंगलवार को अभिनेत्री ने बताया कि उन्होंने किसी खास व्यक्ति के जन्मदिन के अवसर पर अपने हाथों से केक बनाया है। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक तस्वीर शेयर की, जिसमें उनके ससुर एक मेज के सामने मुस्कुराते हुए बैठे नजर आ रहे हैं। उनके सामने एक केक रखा हुआ है। खास बात यह है कि यह केक इलियाना ने बाजार से मंगवाने के बजाय खुद अपने हाथों से तैयार किया है। अपने ससुर के प्रति स्नेह और सम्मान व्यक्त करते हुए अभिनेत्री ने लिखा, 'अपने सबसे अच्छे ससुर जी के जन्मदिन को खास बनाने के लिए उनके लिए प्यार से केक बनाया। बीते कुछ समय से इलियाना डिक्रूजा ने फिल्मों से दूरी बना रखी है। वह इन दिनों अपना पूरा ध्यान परिवार और बच्चों की परवरिश पर दे रही हैं। हालांकि, फिल्मों से दूर रहने के बावजूद वह सोशल मीडिया के जरिए अपने प्रशंसकों के साथ लगातार जुड़ी रहती हैं। इलियाना डिक्रूजा ने अमेरिकी व्यवसायी माइकल डोलन से गुपचुप तरीके से शादी की थी। उनकी शादी के पंजीकरण संबंधी विवरणों के अनुसार, दोनों ने 13 मई 2023 को विवाह किया था। शादी के बाद अगस्त 2023 में इस दंपति ने अपने पहले बेटे कोआ फीनिक्स डोलन का स्वागत किया। इसके बाद जून 2025 में इलियाना दूसरी बार मां बनीं और उन्होंने अपने दूसरे बेटे कीनू को जन्म दिया। वर्ष 2006 में तेलुगु फिल्म 'देवदासु' से अभिनय करियर की शुरुआत करने वाली इलियाना ने दक्षिण भारतीय सिनेमा से लेकर बॉलीवुड तक अपनी अलग पहचान बनाई है। उन्होंने 'पोक्किरी', 'जलसा' और 'किक' जैसी कई सफल तेलुगु फिल्मों में काम किया और टॉलीवुड की शीर्ष अभिनेत्रियों में अपनी जगह बनाई।

# टीवी पर धमाल मचाने आ रही हैं संजना पांडे

## इस दिन होगा फिल्म 'बहन हो तो ऐसी' का प्रीमियर

**भोजपुरी** सिनेमा की लोकप्रिय अभिनेत्री संजना पांडे की फिल्म 'बहन हो तो ऐसी' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियम होने जा रहा है। मंगलवार को फिल्म के मेकर्स ने इसकी रिलीज की जानकारी दी। मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, 'भोजपुरी फिल्म 'बहन हो तो ऐसी' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर 6 जून, शनिवार, शाम 6.30 बजे और 7 जून, रविवार, सुबह 9.30 बजे सिर्फ बी4यू भोजपुरी चैनल पर होगा।' 'बहन हो तो ऐसी' एक पारिवारिक भोजपुरी ड्रामा फिल्म है जो दो बहनों के अटूट रिश्ते, त्याग और पारिवारिक मूल्यों पर आधारित है। इस फिल्म में संजना पांडे और सपना चौहान मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसके अलावा, फिल्म में प्रशांत सिंह, अथर्व नाहर, ललित उपाध्याय, गोपाल चौहान, प्रिया दीक्षित, अविनाश शाही, निशा सिंह, आकृति सिंह, कंचन मिश्रा, निशा तिवारी जैसे मंझे हुए कलाकार नजर आएंगे। अजीत कुमार द्वारा निर्देशित फिल्म का लेखन अरबिंद तिवारी ने किया है, जबकि संगीत ओम झा ने दिया है। संदीप सिंह, अथर्व सिंह मिलकर फिल्म को प्रोड्यूस कर रहे हैं। यह उन दर्शकों के लिए बेहतरीन फिल्म है, जो पारिवारिक कहानियों में दिलचस्पी रखते हैं।




अभिनेत्री संजना पांडे की बात करें तो उन्होंने अपने करियर की शुरुआत लोकप्रिय सिंगर समर सिंह के साथ 'लाल चुनरिया वाली से ' से की थी। यह उनकी डेब्यू फिल्म थी, जिसमें उनके काम को खूब सराहा गया। उसके बाद उन्होंने कई ऐसी फिल्में की, जिसमें उनकी काफी सराहना की गई। अभिनेत्री ने धीरे-धीरे इंडस्ट्री में अपनी खास पहचान बना ली। उन्हें इंडस्ट्री में टीआरपी क्वीन के नाम से भी जाना जाता है।

# अनिल कपूर ने पत्नी सुनीता कपूर के साथ यूरोप में मनाई छुट्टियां



**बॉलीवुड** अभिनेता अनिल कपूर हाल ही में अपनी पत्नी सुनीता कपूर के साथ यूरोप की यात्रा पर गए थे। उन्होंने आज सोशल मीडिया पर इस जादुई वेकेशन की कुछ खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं। अनिल कपूर पत्नी सुनीता कपूर के साथ यूरोप में वेकेशन मनाने के लिए गए थे। इस वेकेशन की खास झलक अनिल कपूर ने आज अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है। इन तस्वीरों के साथ अनिल ने इस जगह को मैजिकल बताया है। 69 साल के अनिल कपूर ने इंस्टाग्राम पर आज मोंटेनेग्रो देश की कुछ तस्वीरें

### मोंटेनेग्रो की खूबसूरत यादें

पोस्ट की हैं। उन्होंने इस जगह को बहुत ही जादुई और खूबसूरत बताया। तस्वीरों में अनिल कपूर काले रंग के कपड़ों और स्टाइलिश चश्मे में बेहद हैंडसम दिख रहे हैं।

# 'कॉकटेल 2' के ट्रेलर लॉन्च पर शाहिद कपूर ने गाया गाना, कृति-रश्मिका ने अपने पहले प्यार के बारे में कही ये बात

**शाहिद** कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना की फिल्म 'कॉकटेल 2' का ट्रेलर आज रिलीज किया गया। ट्रेलर सामने आने के बाद फिल्म को लेकर फैंस का उत्साह और भी बढ़ गया।

इस दौरान ट्रेलर लॉन्च इवेंट से कई वीडियोज भी सामने आए हैं, जहां फिल्म की लीड कास्ट ने काफी मस्ती की। इस दौरान शाहिद कपूर सुनिधि चौहान के साथ गाना गाते भी नजर आए। वहीं कृति और रश्मिका



ने फिल्म में अपने समलैंगिक रिलेशन होने की चर्चाओं पर भी प्रतिक्रिया दी। ट्रेलर लॉन्च इवेंट के एक वीडियो में शाहिद कपूर सिंगर सुनिधि चौहान के साथ 'तुझको' गाना गाते नजर आ रहे हैं। एक अन्य वीडियो में शाहिद, कृति और रश्मिका फर्स्ट लव के बारे में अपनी प्रतिक्रिया देते हैं। कृति फर्स्ट लव के बारे में कहती हैं, 'उस टाइम लगता है कि ये प्यार है, लेकिन बाद में लगता है शायद नहीं था।'

# इजराइल के हवाई हमले में लेबनान के सैन्य प्रमुख ब्रिगेडियर जनरल रुडोल्फ हैकल समेत 12 की मौत

एजेंसी

**बेरूत (लेबनान) :** अमेरिका की मध्यस्थता से इजराइल और लेबनान के बीच वाशिंगटन में घोषित सशर्त सैन्य विराम (युद्ध विराम, सीजफायर) दिखावा साबित हुआ। इजराइल के ताजा हमले में 12 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में लेबनान के सैन्य प्रमुख भी शामिल हैं। अधिकारियों ने पुष्टि की कि सैन्य प्रमुख , एक कैप्टन और एक सैनिक की मौत हो गई। इनकी मौत खारदली-नबातीह रोड पर यात्रा के दौरान हुई। सैन्य प्रमुख को पाकिस्तान पहुंचना था। पाकिस्तान पहुंचने से पहले ही उनकी जान ले ली गई। लेबनान के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने देश के सैन्य प्रमुख (सशस्त्र बलों के कमांडर-इन-चीफ) ब्रिगेडियर जनरल रुडोल्फ हैकल को निशाना बनाने को देश की संप्रभुता



पर हमला करार दिया है। इस हमले की कई देशों ने भी कठोर निंदा की है। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, इजराइल ने छह जून को लेबनान पर कहर बरपाया। लेबनान की सेना ने पुष्टि की है कि इजराइल के हवाई हमले में खारदली-नबातिह रोड पर अभेद्य माना जाने वाला सैन्य वाहन नष्ट हो गया। इसमें सवार सेना के सर्वोच्च कमांडर , कैप्टन और एक सैनिक मारे गए। इजराइली डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने कहा कि यह हमला सक्रिय युद्ध क्षेत्र में हुआ। इस क्षेत्र में आवाजाही के लिए इजराइली सेना के साथ तालमेल जरूरी है। आईडीएफ ने कहा इस घटना की जांच की जा रही है।

लेबनानी सेना ने कहा, ₹इजराइल की जानबूझकर और बार-बार की जा रही क्रूरता और आक्रामकता का मकसद किसी समाधान तक पहुंचने की सभी कोशिशों को नाकाम करना है।₹ लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ आउन ने इस हमले की निंदा करते हुए इसे ₹लेबनान की संप्रभुता और अंतरराष्ट्रीय कानूनों व नियमों का खुला उल्लंघन₹ बताया। प्रधानमंत्री नवाफ सलाम ने इसे ₹एक घिनौना अपराध और लेबनान तथा सभी लेबनानी लोगों पर हमला₹ करार दिया। लेबनान के प्रधानमंत्री सलाम ने बयान में ब्रिगेडियर जनरल वसम सबरा, कैप्टन एली खौरी और सैनिक हुसैन घोजल के परिवारों और सहयोगियों के साथ-साथ लेबनानी सेना के प्रति भी संवेदना व्यक्त की। लेबनान की सेना ने बताया कि उसके सर्वोच्च कमांडर रुडोल्फ हैकल अपने पाकिस्तानी समकक्ष फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के साथ बातचीत के लिए पाकिस्तान जा रहे थे। लेबनान में सक्रिय ईरान समर्थक सशस्त्र आतंकवादी समूह हिजबुल्लाह ने हमले को ₹घिनौना अपराध₹ बताया। साथ ही लेबनान सरकार पर आरोप लगाया कि उसने ₹वाशिंगटन में दुश्मन की मांगों के सामने पूरी तरह घुटने टेककर₹ देश को खूनखराबे के बीच धकेल दिया है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा कि इन हत्याओं से यह बात फिर साबित होती है कि इजराइल ₹लेबनान के हर हिस्से पर अपना दावा कर रहा है।

# रजोकरी फ्लाईओवर पर दर्दनाक हादसा, मंदिर जा रहे परिवार की महिला की मौत, पांच घायल

एजेंसी

**नई दिल्ली :** दक्षिण पश्चिम जिले के वसंत कुंज पश्चिम थाना क्षेत्र में शनिवार तड़के राजोकरी फ्लाईओवर पर हुए भीषण सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि तीन बच्चों समेत पांच लोग घायल हो गए। सभी घायलों को सफदरजंग अस्पताल और एम्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हादसे के लिए जिम्मेदार बताए जा रहे इनोवा चालक को हिरासत में ले लिया है। प्रारंभिक जांच में चालक के नशे में होने की आशंका जताई गई है। पुलिस के मुताबिक शनिवार सुबह करीब 4:25 बजे पीसीआर कॉल के जरिए राजोकरी फ्लाईओवर पर सड़क दुर्घटना की सूचना मिली। सूचना मिलते ही वसंत कुंज साउथ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जांच में पता चला कि गुरुग्राम की ओर जा रहे एक बजाज मैक्सिमा टेंपो को पीछे से तेज रफ्तार टोयोटा इनोवा ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि टेंपो अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे के समय टेंपो में सवार सभी लोग उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सीलमपुर इलाके के रहने वाले थे और गुरुग्राम स्थित एक मंदिर में दर्शन के लिए जा रहे थे। दुर्घटना में 47 वर्षीय कृपा देवी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं वंश (8 वर्ष), नक्श (14 वर्ष), ईशान (2 वर्ष), सावित्री देवी (60 वर्ष), नैना (34 वर्ष) और राहुल (37 वर्ष) घायल हो गए। चालक को मामूली चोटें आईं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, सीएटीएस एंबुलेंस, फायर सर्विस और अन्य एजेंसियां मौके पर पहुंचीं। सभी घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए सुरक्षित रखवा दिया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए क्राइम टीम और फोरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) की टीम को भी मौके पर बुलाया गया। टीमों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस के अनुसार दुर्घटना के समय कथित इनोवा चालक मौके पर ही मौजूद मिला, जिसे हिरासत में ले लिया गया। चालक के नशे में होने की आशंका के चलते उसका मेडिकल परीक्षण कराया गया है। मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और फोरेंसिक रिपोर्ट के आधार पर मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी। हादसे के बाद कुछ समय तक फ्लाईओवर पर यातायात भी प्रभावित रहा।

## विवाहिता की संदिग्ध मौत, ससुरालियों पर लगा हत्या का आरोप

**बहराइच :** विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के धनुही पुलिस चौकी अंतर्गत एक 35 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, धनुही क्षेत्र निवासी शीला देवी की तबीयत बिगड़ने पर परिजन उन्हें स्थानीय चिकित्सालय ले गए, जहां से चिकित्सकों ने गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल बहराइच रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान शनिवार देर शाम उनकी मौत हो गई। मृतका के भाई राम प्रताप विश्वकर्मा निवासी मधिनगरा, ग्राम कुरसहा ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उनकी बहन को उसके पति संचित लाल विश्वकर्मा, ननकुन्ना विश्वकर्मा और रामफेर विश्वकर्मा ने बेरहमी से पीटा, जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई और बाद में उसकी मृत्यु हो गई।

# जरूरतों के अनुरूप विद्यार्थियों को तैयार करेगा पीजी डिप्लोमा कोर्सः डॉ. दिवाकर अवस्थी

एजेंसी

**कानपुर :** आधुनिक मीडिया उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप विद्यार्थियों को तैयार करने के उद्देश्य से सीएसजेएमयू के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में पीजी डिप्लोमा कोर्स की प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। विभाग में 20 सीटें निर्धारित की गई हैं और इच्छुक अभ्यर्थी 15 जून तक प्रवेश ले सकते हैं। यह बातें रविवार को छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. दिवाकर अवस्थी ने कहीं। विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए पीजी डिप्लोमा कोर्स में दाखिले शुरू कर दिए हैं। इस एक वर्षीय




पाठ्यक्रम की फीस 42,200 रुपये निर्धारित की गई है। डॉ. अवस्थी ने बताया कि डिजिटल युग में पत्रकारिता का दायरा केवल समाचारों के प्रसारण तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह समाज, शासन और नागरिकों के बीच संवाद का सशक्त माध्यम बन चुकी है। प्रिंट मीडिया, टेलीविजन, रेडियो, वेब पोर्टल और सोशल मीडिया के विस्तार ने इस क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर पैदा किए हैं। साहायक विभागाध्यक्ष डॉ. ओमशंकर गुप्ता ने बताया कि यह कोर्स मीडिया संस्थानों, समाचार पत्रों, न्यूज चैनलों, डिजिटल प्लेटफॉर्म, जनसंपर्क एजेंसियों, विज्ञापन कंपनियों और कॉर्पोरेट संचार क्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए उपयोगी है। कोर्स पूरा करने के बाद रिपोर्टर, सब-एडिटर, कंटेंट राइटर, न्यूज प्रोड्यूसर, डिजिटल मीडिया एग्जीक्यूटिव, सोशल मीडिया मैनेजर, जनसंपर्क अधिकारी और मीडिया सलाहकार जैसे पदों पर रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकते हैं।

# फैक्ट्री कर्मचारी से लूट करने वाला फरार बदमाश गिरफ्तार

एजेंसी

**नई दिल्ली :** मध्य जिला पुलिस ने लूट के एक मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपित को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आनंद पर्वत थाना पुलिस ने तकनीकी निगरानी और गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 24 वर्षीय साहिल को गिरफ्तार किया है। आरोपित लूट के मामले में वांछित था और घटना के बाद से फरार चल रहा था। मध्य जिले के पुलिस उपायुक्त रोहित राजबीर सिंह ने रविवार को बताया कि छह अप्रैल 2026 को आनंद पर्वत इलाके के राम धर्म कांटा के पास एक व्यक्ति से लूट की वारदात हुई थी। घटना की सूचना पीसीआर कॉल के जरिए पुलिस को मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस को उस समय शिकायतकर्ता नहीं मिला। बाद में पता चला कि



पीड़ित घटना के बाद सीधे अपने घर चला गया था और उसने ऑनलाइन ई-एफआईआर दर्ज कराई थी। जांच के दौरान शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि वह फैक्ट्री से काम खत्म कर घर लौट रहा था। इसी दौरान राम धर्म कांटा के पास तीन युवकों ने उसे रोक लिया। आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और उसका ओप्पो ए-12 मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए। आठ अप्रैल को पुलिस ने पीड़ित का विस्तृत बयान दर्ज किया, जिसके आधार पर मामले में लूट की धारा जोड़ी गई और जांच तेज कर दी गई। प्रारंभिक जांच के दौरान पुलिस ने 12 अप्रैल को एक आरोपित जय किशन को गिरफ्तार कर लिया था। उसके कब्जे से लूटा गया मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया गया था। हालांकि वारदात में शामिल दूसरा आरोपित साहिल लगातार पुलिस की पकड़ से बाहर था।

फरार आरोपित की तलाश के लिए आनंद पर्वत थाना पुलिस ने विशेष टीम का गठन किया। टीम में एएसआई कृष्ण, हेड कांस्टेबल मोहसिन और कांस्टेबल रवि को शामिल किया गया। टीम ने आरोपित की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी और तकनीकी सर्विलांस के साथ मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। पांच जून को पुलिस को सूचना मिली कि वांछित आरोपित आनंद पर्वत इलाके में आने वाला है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने जाल बिछाया और आरोपित साहिल को दबोच लिया। पूछताछ में उसके मामले में शामिल होने की पुष्टि हुई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपित से पूछताछ की जा रही है और मामले में आगे की जांच जारी है। पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आरोपित अन्य आपराधिक मामलों में भी शामिल रहा है या नहीं।

# मि ापुर में दो उग्रवादी एवं दो शराब तस्कर गिरफ्तार, हथियार बरामद

एजेंसी

**इंफाल :** मणिपुर में शांति व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस एवं सुरक्षा बल लगातार उग्रवादियों, मादक पदार्थ तस्करों के खिखाफ अभियान चला रहे हैं। इस दौरान आए दिन हथियारों की बरामदगी तथा गिरफ्तारी का सिलसिला जारी है। मणिपुर पुलिस मुख्यालय द्वारा रविवार को दी गयी जानकारी के अनुसार, शनिवार को मणिपुर पुलिस ने इंफाल ईस्ट जिले के हिंगांग थानांतर्गत फिजाम लेइराक से दो लोगों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में शराब बरामद किया। गिरफ्तार तस्करों की पहचान हिजाम ओंगबी टोम्बी (48) और हिजाम मंगल (24) के रूप में की गयी है। दोनों सेकमाई बाजार के रहने वाले हैं। उनके पास से एक सिल्वर रंग की चार-पहिया गाड़ी (एमएन-01एक्स-4717) और 117 लीटर डीआईसी शराब जब्त किया गया है। वहीं 05 जून को सुरक्षा बलों ने तेंगनौपाल जिले के मोरेह थानांतर्गत भारत-म्यांमार सीमा पर बॉर्डर पिलर 72 और बॉर्डर पिलर 73 (चोनजांग सीओबी से 12 किमी दक्षिण) के बीच के





इलाके से हथियार एवं विस्फोटक बरामद किया। जिसमें मुख्य रूप से एक देसी लाथोड गन, मैगजीन के साथ एक 9एमएम पिस्तौल, मैगजीन के साथ एक .22 यूएसए पिस्तौल, चार रेडियो सेट और चार आईईडी (बचे हुए हिस्से) शामिल हैं। इसी बीच 05 जून को सुरक्षा बलों ने थोउबल जिले के लिलोंग थानांतर्गत स्टोन क्रशर इलाके के पास वैथोउ सांगोमसांग से आरपीएफ/पीएलए के दो सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया। उनकी पहचान सनासम सनामातुम मैतेई उर्फ टोम्पोक उर्फ वनमैन (32), येंगकोकपम प्रेमचंद सिंह उर्फ चिंगसांगलाक्पा (26) के रूप में की गयी है। उनके पास से एक दो-पहिया गाड़ी (एमएन-01एल-8210) जब्त की गई। दूसरी ओर कोटलेन में हाल ही में हुई हिंसा का असर आस-पास के इलाकों में न फैले, इसके लिए सुरक्षा बलों ने बीते शुक्रवार को राष्ट्रीय राजमार्ग 202 और 102ए के किनारे लिटन, महादेव और सिनाकेइथेल के आस-पास के इलाकों में अचानक संयुक्त तलाशी अभियान चलाया। दोनों समुदायों के गांवों में संयुक्त रूप से गश्त की गई और बंकरों का पता लगाकर उन्हें नष्ट किया गया। गांव के अधिकारियों और नागरिक समाज संगठनों (सीएसओएस) से जरूरी सहयोग मांगा गया और उन्हें भरोसा दिलाया गया कि किसी भी खतरे को रोकने के लिए इलाके में सुरक्षा बल मौजूद रहेंगे। उनसे यह भी अनुरोध किया गया कि वे अपने युवाओं को समझाएं कि वे दूसरी जगहों पर हुई घटनाओं से प्रभावित होकर अपने गांवों के पास हिंसा में शामिल न हों।

## संडे ऑन साइकिल रैली में युवाओं का जोश, फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

एजेंसी

**बलौदाबाजार :** विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर आज रविवार को फिट इंडिया मूवमेंट के तहत बलौदाबाजार में एक शानदार साइकिल रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत योग भवन से हुई, जहां वरिष्ठ भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, पार्षद जितेंद्र डड़सेना और वरिष्ठ नागरिक जयनारायण केशरवानी ने हरी झंडी दिखाकर साइकिल रैली को रवाना किया। फिट रहने,पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश देती हुई यह रैली योग भवन से निकलकर ज्ञान गंगा स्कूल मार्ग से होते हुए वापस योग भवन में आकर संपन्न हुई। रैली में बड़ी संख्या में जिले के युवाओं ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया। साइकिल रैली के समापन के बाद योग भवन में ही जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर शिविर के दौरान विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण लेने वाले बच्चों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसमें मलखंभ के खिलाड़ियों द्वारा



प्रस्तुत किए गए हैरतअंगेज और साहसिक करतब मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। बच्चों की इस अद्भुत प्रतिभा और संतुलन को देखकर उपस्थित अतिथियों और दर्शकों ने तालियों के साथ उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में शिविर के सभी होनहार प्रतिभागियों को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए सर्टिफिकेट और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए वहां उपस्थित सभी अतिथियों, प्रशिक्षकों और प्रतिभागियों ने जल संचय की सामूहिक शपथ ली और पानी बचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी और खेल अधिकारी प्रीति बंछोर सहित अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

# केंद्र ने झारखंड के महिला किसान उत्पादक समूह के 1.5 मीट्रिक टन आम्रपाली आम यूके भेजे

एजेंसी

**नई दिल्ली :** केंद्र सरकार ने झारखंड के सिमडेगा जिले में महिलाओं द्वारा संचालित किसान उत्पादक कंपनी (एफपीसी) के आम्रपाली आमों की पहली वाणिज्यिक खेप यूनाइटेड किंगडम (यूके) भेजी है। केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तहत कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) की पहल से 1.5 मीट्रिक टन आम्रपाली आम लंदन निर्यात किए गए हैं, जिससे महिला किसानों को अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंच मिली है। आमों की इस पहली खेप को 04 जून को कोलकाता से रवाना किया गया। खेप में शामिल आम सिमडेगा जिले के बानो प्रखंड स्थित महिलाओं द्वारा संचालित बेउरा फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड से लिये गए। मंत्रालय ने बताया कि एपीडा ने 05 मई को सिमडेगा जिले के किसान उत्पादक संगठनों, किसान उत्पादक कंपनियों और प्रगतिशील किसानों के लिए निर्यात उन्मुख क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किया था। इसमें निर्यात मानकों, गुणवत्ता आवश्यकताओं



और वैश्विक बाजार की संभावनाओं की जानकारी दी गई थी। इसके बाद एपीडा ने बेउरा एफपीसी और निर्यातक कंपनी के बीच संपर्क स्थापित कर निर्यात गुणवत्ता वाले आमों की खरीद सुनिश्चित कराई। इससे किसान उत्पादक कंपनी सीधे निर्यात मूल्य श्रृंखला का हिस्सा बनी है। इससे जुड़े किसानों को घरेलू बाजार की तुलना में बेहतर मूल्य प्राप्त हुआ है। मंत्रालय के अनुसार, यह कदम क्षेत्र में गुणवत्ता आधारित उत्पादन, बेहतर फसलोत्तर प्रबंधन और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुपालन को बढ़ावा देगा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर इसे लोकल गोज ग्लोबल का सशक्त उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि झारखंड के सिमडेगा की महिला किसान उत्पादक कंपनी द्वारा उगाए गए आम्रपाली आम अब यूनाइटेड किंगडम पहुंचने वाले हैं। एपीडा के निरंतर प्रयासों से किसानों को बेहतर मूल्य, महिलाओं को नई पहचान और भारत के कृषि निर्यात को नई गति मिल रही है। मंत्रालय के अनुसार, झारखंड की कृषि-जलवायु परिस्थितियां बागवानी फसलों के लिए अनुकूल हैं। राज्य में उत्पादित आम्रपाली आम अपनी गुणवत्ता और बाजार स्वीकार्यता के लिए जाने जाते हैं। इस खेप के साथ झारखंड भी उन राज्यों की सूची में शामिल हो गया है, जहां से ताजे फल अंतरराष्ट्रीय बाजारों में निर्यात किए जा रहे हैं। एपीडा कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए बाजार विकास, क्षमता निर्माण, गुणवत्ता सुधार, ट्रेसबिलिटी प्रणाली और निर्यात प्रोत्साहन गतिविधियों के माध्यम से सहायता प्रदान करता है।

# राजस्थान में मौसम का दोहरा असरः 12 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट, पश्चिमी इलाकों में गर्मी बरकरार

एजेंसी

**जयपुर :** राजस्थान में मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा है। एक ओर कई जिलों में आंधी और बारिश से लोगों को भीषण गर्मी एवं उमस से राहत मिली है, वहीं पश्चिमी राजस्थान के कई क्षेत्रों में तेज गर्मी का दौर जारी है। मौसम विभाग ने रविवार को 12 जिलों में आंधी और बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा 8 जून को 7 जिलों में बारिश तथा 2 जिलों में हीटवेव की चेतावनी दी



गई है। शनिवार को राज्य के कई हिस्सों में प्री-मानसून गतिविधियां देखने को मिलीं। बीकानेर जिले में तेज आंधी के साथ बारिश हुई और कुछ क्षेत्रों में ओलावृष्टि भी हुई। श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र में तेज हवा के कारण एक वेयरहाउस की टिन शेड उड़कर करीब आधा किलोमीटर दूर खेत में जा गिरी। टोंक जिले में शाम के समय तेज हवा के साथ बारिश हुई, जिससे मौसम सुहावना हो गया। मौसम विभाग के अनुसार बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ़, सीकर, झुंझुनूं, जयपुर, दौसा, अलवर, टोंक और सवाई माधोपुर सहित कई जिलों में शनिवार को मौसम ने करवट ली। कई स्थानों पर तेज हवाएं चलीं और बारिश हुई। राज्य में शनिवार को सर्वाधिक वर्षा टोंक जिले के निवाई क्षेत्र में हुई, जहां 65 मिलीमीटर से अधिक बारिश हुई।

इसके अलावा अलवर में 22 मिलीमीटर तथा बीकानेर में 14.6 मिलीमीटर वर्षा मापी गई। बारिश के बाद इन क्षेत्रों में तापमान में गिरावट आ गई और लोगों को राहत मिली। दूसरी ओर बाड़मेर, जैसलमेर, जोधपुर और श्रीगंगानगर सहित पश्चिमी राजस्थान के जिलों में गर्मी का प्रकोप जारी रहा। दिन के समय तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग ने इन क्षेत्रों में अगले दो दिनों तक तापमान बढ़ने और गर्मी का असर बने रहने की संभावना जताई है।

मौसम विभाग के अनुसार आगामी दो दिनों तक राज्य में मौसम का यही मिश्रित स्वरूप बना रह सकता है। पूर्वी राजस्थान के कई जिलों में आंधी और हल्की से मध्यम बारिश की गतिविधियां जारी रहने की संभावना है, जबकि पश्चिमी राजस्थान के कुछ हिस्सों में हीटवेव और तेज गर्मी का असर देखने को मिल सकता है।

## ढली-रामपुर फोरलेन का सर्वे पूरा, सुरंगों पर रहेगा जोर : मुख्यमंत्री

एजेंसी

**शिमला :** राजधानी शिमला को ऊपरी इलाके से जोड़ने वाली महत्वपूर्ण ढली-नारकंडा-रामपुर सड़क को फोरलेन में विकसित करने को लेकर महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने रविवार को कहा कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना का सर्वेक्षण कार्य पूरा हो चुका है और इसके निर्माण में सुरंगों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिससे भूस्खलन की समस्या को कम किया जा सके तथा लोगों को सुरक्षित और सुगम यातायात सुविधा उपलब्ध हो सके। शिमला जिले के प्रसिद्ध हाटू माता मंदिर में रविवार को पूजा-अर्चना के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार सड़क संपर्क और पर्यटन ढांचे को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि ढली से रामपुर तक प्रस्तावित फोरलेन परियोजना क्षेत्र के आर्थिक और पर्यटन विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। मुख्यमंत्री के अनुसार परियोजना के डिजाइन में ऐसे प्रावधान किए जाएंगे जिससे पहाड़ी क्षेत्रों में भूस्खलन से होने वाले नुकसान को कम किया जा सके और यात्रा अधिक सुरक्षित बन सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हाटू माता रोपवे परियोजना को भी आगे बढ़ा रही है। इस परियोजना को नाबार्ड के तहत प्रस्तावित किया गया है।

# बाइक को धक्का मारने के बाद दूसरे एसयूवी से टकराकर पलट गई कार, हादसे में पिता-पुत्र की मौत

संवाददाता

**गिरिडीह :** जिला में डुमरी थाना क्षेत्र के जामताड़ा पंचायत अंतर्गत पिपराडीह ओवरब्रिज के समीप सड़क हादसा हो गया। जिसमें दो लोगों की मौत हो गयी है। दरअसल, देवघर से रांची जा रही एक कार (मिनी एसयूवी) ने बाइक को धक्का मार दी। बाइक को धक्का मारने के बाद कार ने सामने से आ रही एसयूवी को धक्का मारा और पलट गई। इस दुर्घटना में बाइक पर सवार एक बच्चे की मौत हो गई। जबकि बाइक चला रहे पिता की मौत इलाज के लिए धनबाद ले जाने के दौरान हो गई। मृतकों में खाखीकला निवासी अब्बू हयात और उसका छह वर्षीय पुत्र अमीनुल की मौत हो गई। जबकि अब्बू हयात की पत्नी रूबेना खातून तथा पुत्री अलीना परवीन घायल है।

ऐसे हुआ हादसा

इस हादसे को लेकर बताया गया कि अब्बू हयात अपनी पत्नी के साथ पुत्र एवं पुत्री को लेकर बेरगी जा रहे थे। पिपराडीह के पास कार ने बाइक को धक्का मार दिया। इसके बाद दूसरी एसयूवी से जा टकरायी। दो कारों और एक बाइक के बीच हुई इस भीषण टक्कर से घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई।



इस दुर्घटना के बाद कुछ समय तक सड़क पर यातायात भी बाधित रहा। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। हालांकि चिकित्सक ने अमीनुल को मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल अब्बू को रेफर कर दिया गया। इलाज के लिए ले जाने के दौरान अब्बू ने भी दम तोड़ दिया। अन्य घायलों का इलाज जारी है। इस घटना की सूचना मिलते ही डुमरी एसडीपीओ आबिद खान और थाना पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात को सामान्य कराया। दुर्घटना के कारणों की जांच भी शुरू कर दी गई है। बताया जाता है जिस वाहन से धक्का लगा वह किसी पहुंच वाले व्यक्ति का है।

एक ही परिवार के पिता और पुत्र की मौत से खाखीकला गांव समेत पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से दुर्घटना के कारणों की निष्पक्ष जांच कराने तथा ओवरब्रिज के पास यातायात सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है।

इस संबंध में डुमरी एसडीपीओ आबिद खान ने बताया कि सड़क दुर्घटना में कुल दो लोगों की मौत हुई है। साथ ही बताया कि छह वर्षीय अमीनुल की मौत घटनास्थल पर ही हो गई थी, जबकि उसके पिता अब्बू हयात की धनबाद ले जाने के दौरान रास्ते में मौत हो गई। एसडीपीओ ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटा दिया गया है और मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### नवनियुक्त प्रदेश व जिला कांग्रेस पदाधिकारियों का स्वागत

**जमशेदपुर :** गोविंदपुर मंडल कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश गौरा की अध्यक्षता में रविवार को सम्मान समारोह का आयोजन गोविंदपुर मंडल कांग्रेस कार्यालय में किया गया। इस अवसर पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त महासचिव विजय यादव, कोर्डिनेशन कमेटी के सदस्य डॉ। परितोष सिंह, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष राजकिशोर यादव, प्रदेश कांग्रेस सेवादल के सचिव अरविन्द साहु को उनके मनोनयन पर शॉल और गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में मुख्य रूप से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुभाष उपाध्याय, देवशरण सिंह, वीडी राय, चन्दन पांडेय, नागेन्द्र तिवारी, जितेन्द्र सिंह, संदीप झा, प्रशांत चौधरी, विनय सिंह, श्रवण कुमार, अविनाश सिंह, वीरेंद्र मौआर, विनय गिरि, रामकृपाल प्रसाद, देवाशीष घोष, राजकुमार, सितांशु ओझा, सचिन कुमार, प्रशांत कुमार आदि प्रमुख रूप से शामिल हुए।

### रेलवे हाई टेंशन की चपेट में आकर जख्मी टेक्नीशियन की मौत

**जमशेदपुर :** टाटानगर स्टेशन के वॉशिंग लाइन में वंदे भारत ट्रेन पर चढ़कर मरम्मत करने के दौरान हाई टेंशन तार की चपेट में आकर जख्मी अमित माझी की शनिवार देर शाम टाटा मुख्य अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। एक सप्ताह पूर्व हाई टेंशन की चपेट में आकर जख्मी टेक्नीशियन को टाटानगर के आरपीएफ जवानों ने इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया था। बताया जाता है कि, 20 मई और 06 मई को भी प्लेटफार्म पर खड़ी मालगाड़ी चढ़कर चढ़ने से एक हाई टेंशन तार की चपेट में एक यात्री आया था। इससे दोनों की एमजीएम अस्पताल में मौत हुई थी।

### रेलवे के विशेष टिकट जांच में 508 लोगों पर साढ़े तीन लाख से ज्यादा जुर्माना

**जमशेदपुर :** दक्षिण पूर्व रेलवे जोन के आदेश पर सभी मंडलों में विशेष टिकट जांच अभियान शुरू है। इससे टाटानगर से गुजरने वाली अहमदाबाद एक्सप्रेस रोड ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस में भी खड़गपुर स्टेशन पर विशेषज्ञ टिकट जांच चला। जबकि अन्य ट्रेनों में भी टिकट निरीक्षक और आरपीएफ के जवानों ने जांच अभियान चलाया। रेलवे के अनुसार विशेष टिकट जांच में 508 लोगों पर बिना टिकट यात्रा, पैसेंजर के टिकट पर एक्सप्रेस में चढ़ने जनरल के टिकट में स्लीपर पर यात्रा और अनबुक लगेज के मामले में 3 लाख 67 हजार 750 रुपए जुमार्ना वसूला गया है। चक्रधरपुर मंडल के रेल कर्मचारियों ने भी विभिन्न स्टेशनों और चलती ट्रेन में जांच अभियान चला कर दो दिनों में हजारों रुपए राजस्व वसूला।

### एनसीएसटी सदस्य आशा लकड़ा के हस्तक्षेप से अवैध कब्जे पर लगी रोक

**रांची :** इटकी प्रखंड के मल्टी गांव में एक आदिवासी परिवार की पैतृक भूमि पर किए जा रहे कथित अवैध कब्जे के मामले में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) की सदस्य डॉ आशा लकड़ा के हस्तक्षेप के बाद प्रशासन हरकत में आया। शनिवार को डॉ. लकड़ा ने मौके पर पहुंचकर पूरे मामले का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान डॉ. आशा लकड़ा ने डीएसपी को निर्देश दिया कि तीन दिनों के भीतर संबंधित भूखंड से अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जनजाति समुदाय की भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

शिकायतकर्ता सालखन लकड़ा ने आयोग को दिए आवेदन में आरोप लगाया था कि उनकी लगभग 75 डिसमिल पैतृक भूमि पर कुछ स्थानीय दबंगों एवं कथित दलालों द्वारा अवैध कब्जा किया जा रहा है। शिकायत के अनुसार, परिवार के कुछ सदस्यों को भूमि वापस दिलाने का झांसा देकर उनसे अंगूठा निशान एवं हस्ताक्षर भी लिए गए थे।

आवेदक ने बताया कि उन्होंने पुलिस, मजिस्ट्रेट कार्यालय एवं अन्य संबंधित अधिकारियों से शिकायत की थी, लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग से हस्तक्षेप की मांग की थी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए आयोग की ओर से पूर्व में उपायुक्त को नोटिस जारी किया गया था। अंचल अमीन एवं राजस्व कर्मियों की जांच रिपोर्ट में संबंधित भूमि को राजस्व अभिलेखों में वकास्त भुइहरी महतोई किस्म की भूमि बताया गया है। रिपोर्ट के अनुसार भूमि पंजी-2 में मोकवा उरांव समेत अन्य लोगों के नाम दर्ज है तथा इस जमीन पर पूर्व में कोई लगान रसीद निर्गत नहीं की गई है।

स्थल निरीक्षण के दौरान पाया गया कि भूमि के एक हिस्से पर कुछ लोगों द्वारा मकान का निर्माण किया गया है, जबकि शेष भाग में चारदीवारी बनाकर कब्जा किए जाने की बात सामने आई है। आयोग ने प्रशासन को पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

डॉ आशा लकड़ा ने कहा कि आदिवासी भूमि की सुरक्षा संवैधानिक अधिकारों से जुड़ा विषय है और इस प्रकार के मामलों में किसी भी तरह की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

### राज्यसभा की दोनों सीटें महागठबंधन जीतेगा : भूपेश बघेल

**रांची :** झारखंड से राज्यसभा की दो सीटों के लिए मंथन जारी है। कांग्रेस के बाद झामुमो ने भी एक प्रत्याशी की घोषणा कर दी है। कांग्रेस की ओर से राज्यसभा चुनाव को लेकर पर्यवेक्षक बनाए गये भूपेश बघेल और अजय शर्मा शनिवार की दोपहर रांची पहुंचे और प्रदेश नेताओं से बातचीत कर सीधे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलने उनके आवास पहुंचे। दो घंटे तक चली बैठक में कांग्रेस के पर्यवेक्षकों ने पार्टी आलाकमान की बात और संदेश को सीएम के समक्ष रखा। वहीं, मुख्यमंत्री ने भी झामुमो के विधायकों व कार्यकताओं की इच्छा से उन्हें अवगत कराया। सीएम से वार्ता के बाद पर्यवेक्षक भूपेश बघेल ने कहा कि महागठबंधन के कोई मिस अंडरस्टैंडिंग नहीं है। महागठबंधन दोनों सीटों पर चुनाव लड़ रहा है और दोनों सीटें महागठबंधन के प्रत्याशी जीतने जा रहे हैं। अच्छे वातावरण में बातचीत हुई है। कहीं कोई समस्या नहीं है।

वहीं, पर्यवेक्षक अजय शर्मा ने कहा कि महागठबंधन मजबूत स्थिति में है और हम दोनों सीटें जीतने जा रहे हैं। झामुमो नेताओं की दोनों सीटों पर प्रत्याशी उतारने की भावना पर कहा कि पार्टी में ऐसी भावना आती है, लेकिन अंतिम रूप से निर्णय पार्टी नेता को लेना होता है। इसलिए गठबंधन में कोई कंफ्यूजन नहीं है।इससे पहले रांची एयरपोर्ट पर दोपहर में कांग्रेस के मंत्री, विधायक और नेताओं ने भूपेश बघेल और अजय शर्मा का स्वागत किया। दोनों नेता एयरपोर्ट से सीधे स्थानीय होटल में गये और पार्टी के प्रभारी के. राजू, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और मंत्री-विधायक व वरिष्ठ नेताओं के साथ बातचीत की। चुनावी तैयारियों, समन्वय और रणनीति को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया और पार्टी की एकजुटता और सफलता सुनिश्चित करने के संकल्प को दोहराया गया। एयरपोर्ट पर स्वागत करने वालों में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, शिल्पी नेहा तिर्की, राधा कृष्ण किशोर, बंधु तिर्की, प्रदेश कांग्रेस महासचिव आलोक कुमार दुबे, राजीव रंजन प्रसाद, आदित्य विक्रम जायसवाल, मेहुल दुबे, अनिल सिंह, अभिलाष साहू, कुलदीप कुमार, राजेश सिन्हा समेत अन्य नेता मौजूद थे।

### बोकारो रेंज के आईजी ने पुलिस पदाधिकारियों संग की बैठक

# संगठित अपराध पर लगाम लगाने और जनता की समस्याओं का निराकरण करने का निर्देश



संवाददाता

**बोकारो :** अपराध पर लगाम कसने और जनता की समस्याओं के निराकरण को लेकर शनिवार को बोकारो रेंज के पुलिस महानिरीक्षक शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय के सभागार में समीक्षा बैठक की गई। जिसमें आईजी ने पुलिस पदाधिकारियों को संगठित अपराध पर हर हाल में रोक लगाने और जनता की समस्याओं का निराकरण करने का निर्देश दिया। बोकारो रेंज के आईजी ने बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में कहा कि कहा कि जनता हमारे पास विकट परिस्थिति में आती है और उनकी समस्याओं को सुनकर उसका निराकरण किया जाना चाहिए। जिसका निर्देश जिले के तमाम थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिस पदाधिकारियों को दिया गया है। वहीं गैंगस्टर प्रिंस खान के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि अपराधियों का साम्राज्य अब धीरे-धीरे खत्म हो रहा है और उनके गुर्गे सलाखों के पीछे पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि उसका साम्राज्य भी बहुत जल्द टूट जाएगा।

वहीं उन्होंने कहा कि बोकारो में पिछले दिनों पिंड्राजोरा थाना क्षेत्र से लापता हुई पुष्पा मामले में झारखंड की डीजीपी सहित बोकारो एसपी को हाईकोर्ट जाना पड़ा, जो चिंता का विषय है। ऐसे में इस तरह की घटना दोबारा न हो इसको लेकर तमाम थाना प्रभारियों को निर्देश जारी किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि अभी जिले में सभी डीएसपी का ट्रांसफर हुआ है और नए डीएसपी ने पदभार ग्रहण किया है। ऐसे में नई टीम के साथ पहली बैठक की गई है। जिसमें क्राइम कंट्रोल को लेकर रूपरेखा तैयार की गई है।

# रेंट बढ़ोतरी के खिलाफ सिंदरी विधायक से मिले लीज धारक

संवाददाता

**सिंदरी :** एफसीआईएल प्रबंधन द्वारा एमनेस्टी स्कीम के तहत पूर्व कर्मचारियों के आश्रितों और स्थानीय व्यवसायियों को आवंटित किए गए आवासों के भाड़े में हर साल की जा रही पांच प्रतिशत की बढ़ोतरी का विरोध शुरू हो गया है।

विधायक से मिलना

इस गंभीर मुद्दे को लेकर शनिवार को लीज धारकों का एक प्रतिनिधिमंडल सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो से उनके आवास पर मिला और उन्हें एक ज्ञापन सौंपकर इस व्यवस्था को वापस लेने की मांग की। कहा कि एफसीआईएल प्रबंधन द्वारा हर वर्ष आवासीय भाड़े में पांच फीसदी की वृद्धि की जा रही है, जो अब उनके लिए एक भारी आर्थिक बोझ बनती जा रही है।

लीज धारकों की मांग

लीज धारकों का कहना है कि प्रबंधन द्वारा आवासों की मरम्मत का कोई कार्य नहीं कराया जाता और उन्हें अपने खर्च पर ही रख-रखाव करना पड़ता है। ऐसे में यह बढ़ोतरी पूरी तरह अनुचित है। उन्होंने मांग की है कि इस वार्षिक वृद्धि पर अविलंब रोक लगाई जाए और पूर्व की योजनाओं की तरह एक निश्चित निर्धारित राशि (फिक्स्ड रेंट) ही ली जाए। सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो ने लोगों को आश्वस्त किया कि वे इस संवेदनशील मामले को सीधे एफसीआईएल प्रबंधन के उच्चाधिकारियों के समक्ष उठाएंगे। उन्होंने कहा कि लीज धारकों के हितों की रक्षा के लिए जल्द से जल्द इसका एक सार्थक और सकारात्मक समाधान निकाला जाएगा।

प्रतिनिधिमंडल की उपस्थिति

प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से बक्सर मिश्रा, मुन्ना मिश्रा, अजय सिंह, नारायण पंडित, जितेन मंडल, मोहम्मद सिद्दीकी सहित कई अन्य लीज धारक उपस्थित थे।

### कोयले से अब एलपीजी का विकल्प डाई मिथाइल ईथर और एविएशन फ्यूल तैयार होगा

धनबाद : बदली हुई भू-राजनीतिक स्थिति में ऊर्जा सुरक्षा को लेकर भारत आपदा को अवसर में बदलने की तैयारी में है। कोयले से अब एलपीजी का विकल्प डीएमई(डाई मिथाइल ईथर) और एविएशन फ्यूल बनाने का मुकम्मल रोडमैप तैयार किया गया है। देश के तीन बड़े संस्थान धनबाद स्थित सीएसआईआर-सीआईएमएफआर (सिंफर), देहरादून स्थित भारतीय पेट्रोलियम संस्थान (आईआईपी) एवं पुणे स्थित राष्ट्रीय रासायनिक प्रयोगशाला (एनसीएल) कोयले से बहुउद्देशीय फ्यूल बनाने की कवायद में जुट गए हैं। कोयले से तैयार सिन गैस को अब डीएमई (डाई मिथाइल ईथर) और एविएशन फ्यूल तैयार किया जाएगा। केंद्र के सहयोग से जल्द ही पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया जाएगा। इस मुहिम में धनबाद स्थित सिंफर की अहम भूमिका होगी। सिंफर और आईआईपी मिलकर धनबाद स्थित डिगवाडीह कैंपस में पायलट प्रोजेक्ट स्थापित करने की तैयारी में है।

मामले में सिंफर निदेशक डॉ एके मिश्रा ने कहा कि यह सब कोल गैसीफिकेशन के आधार पर किया जाएगा। सिंफर में पहले से कोल गैसीफिकेशन का पायलट प्रोजेक्ट चल रहा है। घरेलू तकनीक से सिंफर सिन गैस बनाने में कामयाब हुआ है। अब इसी सिन गैस यानी सिंथेटिक गैस से मिथेनॉल, डीएमई और एविएशन फ्यूल बनाने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। एविएशन फ्यूल के लिए एनसीएल पुणे में प्रोजेक्ट चलेगा। वहीं सिंफर और आईआईपी डीएमई पर काम करेंगे। कोल गैसीफिकेशन से जुड़े सिंफर के वैज्ञानिक डॉ पीडी च्यवण ने कहा कि सिंफर में कई कोयला क्षेत्र के कोल से सिन गैस तैयार की गई। नॉर्थ ईस्ट से असम, गुजरात तथा कोल इंडिया की बीसीसीएल को छोड़ कर सभी अनुषंगी कंपनियों के कोयले से सिन गैस तैयार की गई है।

# सुरक्षा गार्ड से लूटी गई रायफल मधुबन पुलिस ने बरामद की

संवाददाता

**बाघमारा :** खरखरी कोलियरी में संचालित हिलटॉप आउटसोर्सिंग कंपनी में कार्यरत सुरक्षा गार्ड से शुक्रवार की देर रात ड्यूटी के दौरान मारपीट कर रायफल लूटने के मामले में मधुबन पुलिस ने भुक्तभोगी गार्ड मुकेश राम की लिखित शिकायत पर 6 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए दो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इधर शनिवार को आरोपियों से पूछताछ के बाद पुलिस ने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

घटना का विवरण

बता दें कि गुरूवार की देर रात हिलटॉप आउटसोर्सिंग साईट पर पेट्रोलिंग के दौरान सुरक्षा गार्ड मुकेश राम पर हमला करते हुए उसका सर्विस रायफल लुट लिया था। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची मधुबन पुलिस ने त्वरित कारवाई करते दो लोगों को हिरासत में लिया था। जिसकी निशानदेही पर पुलिस ने लूटी गई रायफल को बगल के ब्रह्माणडीहा जंगल से बरामद कर लिया।

गिरफ्तारी की प्रक्रिया

इधर भुक्तभोगी गार्ड मुकेश राम की लिखित शिकायत के आलोक में मधुबन पुलिस ने हिलटॉप आउटसोर्सिंग में सुरक्षा व्यवस्था में लगे किंग्समैन प्राइवेट सिक्योरिटी फोर्स सर्विसेज लिमिटेड के गनमैन अनिल यादव एवं पेट्रोलिंग वाहन चालक सचिन गोप को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद पुलिस ने शनिवार को न्यायिक हिरासत में दोनों को जेल भेज दिया।

आरोपियों की पहचान

इस संबंध में मधुबन थाना प्रभारी शुभम कुमार से पूछताछ के दौरान उन्होंने बताया कि मुकेश राम एवं अनिल यादव सुरक्षा कंपनी में गनमैन का काम करते हैं। कहा गया कि इनके बीच पैसे के लेनदेन को लेकर पूर्व से विवाद चला आ रहा था। इसी के तहत अनिल यादव ने अपने चार साथियों एवं सिक्योरिटी कंपनी के वाहन चालक सचिन गोप के साथ मिलकर एक साजिश के तहत गुरूवार रात पेट्रोलिंग के दौरान ब्रह्माणडीहा जंगल के समीप निमार्णाधीन आउटसोर्सिंग बाउंड्रीवाल के सुनसान मार्ग पर मुकेश राम के साथ मारपीट कर सर्विस रायफल छीन कर भाग गये।

पुलिस की कार्रवाई

थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने अनिल यादव व सचिन गोप को हिरासत में लेकर पूछताछ की गयी। बाद में इन दोनों की निशानदेही पर पुलिस ने मुकेश राम से छीनी गई सर्विस रायफल एवं दो जिंदा कारतूस घटनास्थल से कुछ दूरी पर स्थित जंगल से बरामद कर लिया। हथियार के संबंध में जांच पड़ताल की जा रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए सघन छापामारी की जा रही है।

# पूर्वी सिंहभूम के आम विदेश में होंगे एक्सपोर्ट, किसानों को मिलेंगे अच्छे दाम

संवाददाता

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिले के किसानों द्वारा उत्पादित रसीले आम अब सिर्फ झारखंड में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी लोगों को मिलेंगे। जिला प्रशासन ने इसके लिए तैयारी शुरू कर दी है। बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत, जिले के किसानों द्वारा उत्पादित आमों को बाजार दिलाने की पहल की गई है, साथ ही आम महोत्सव के जरिए आमों के बारे में किसानों को जागरूक कर पहचान दिलाने की कोशिश की जा रही है।

बता दें कि पूर्वी सिंहभूम जिले के बोड़ाम, पटमदा, घाटशिला, मुसाबनी इलाकों में किसान बड़े पैमाने पर आम की खेती कर रहे हैं, जिसमें लंगड़ा, बैगनपिल्ली, देसी, आम्रपाली, हिमसागर, मलिक्का और बनाना आम का उत्पादन होता है।

पूर्वी सिंहभूम उपायुक्त राजीव रंजन ने किसानों के उगाए आमों को पहचान दिलाने की बात कही। उन्होंने बताया कि बनाना आम का नाम बदलकर उसे अब आदिवासी नाम दिया गया है, अब इसे कायरा आम के नाम से जाना जाएगा।



उन्होंने बताया कि किसान मल्लिका, आम्रपाली, लंगड़ा और कई दूसरी वैरायटी के आम उगा रहे हैं। आमों की क्वालिटी की वजह से विदेशी व्यापारी भी यहां आ रहे हैं। हमारा मकसद है कि आम महोत्सव के जरिए किसानों को बेहतर दाम मिलें और विदेशी व्यापारी भी आकर्षित हों, उन्हें एक प्लेटफॉर्म मिले। हमारी कोशिश है कि यहां उगाए गए आम यूरोपियन यूनियन और दूसरे देशों तक पहुंचें, लोग यहां उगाए गए आमों का स्वाद चख सकें और झारखंड को अच्छे आमों के उत्पादक के तौर पर पहचान मिले।

जो किसान अपने आम लेकर आए हैं, वे भी खुश हैं कि उनके आमों को पहचान मिल रही है। कमला महतो बताती हैं कि उपायुक्त ने उनके बनाना आम का नाम रखा है, जो आदिवासी भाषा पर आधारित है और अब इसे कायरा आम के नाम से जाना जाएगा। हमें आम की पैदावार के लिए पूरा सपोर्ट मिल रहा है, जिससे हमारी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

किसानों को बेहतर आम उगाने की ट्रेनिंग भी दी जा रही है, जिसमें उन्हें रखवाली करना और सुरक्षित रखने की ट्रेनिंग दी जा रही है। किसानों को आम बेचने में मदद करने वाले मो हामिद बताते हैं कि जिले के आम अब विदेश में एक्सपोर्ट करने के लिए तैयार किए जा रहे हैं, और लोग यहां पैदा होने वाले आमों का बेसब्री से इंतजार करेंगे।